Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Thursday, 06 June 2024 ● Year : 02 ● Issue : 138 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

जिसने कभी कोई शत्रु नहीं बनाया, उसका कोई मित्र भी नहीं बनता है। मित्रता भी कभी-कभी शत्रुता में बदल जाती है।

Alia Bhatt
Congratulates...

SHARE

सेंसेक्स	:	74,382.24
निफ्टी	:	22,620.35

SARAFA

सोना	:	6,830
चांदी	:	98.05

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

यायावरी कहानी प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

GORAKHPUR : भोजपुरी के स्टोरी टेलिंग एप यायावरी वाया भोजपुरी की ओर से गत दिनों कहानी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। बुधवार को इसका परिणाम घोषित कर दिया गया है। इसके विजेताओं में मृत्युंजय कुमार सिंह, स्वरा सिंह, सरिता सिंह, नंदीश्वर द्विवेदी राजन, वर्तिका और अनमोल सवर्ण शामिल हैं। भोजपुरी भाषा के विकास के लिए यायावरी वाया भोजपुरी की ओर से समय-समय पर अलग-अलग आयोजन किए जाते रहे हैं। इसके तहत प्रत्येक बुधवार को बुधवार बैठकी आयोजित करने से लेकर स्कूल और कॉलेज में छात्र-छात्राओं के बीच अलग-अलग तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी शामिल है। कार्यक्रम का उद्देश्य भोजपुरी भाषा और संस्कृति के प्रति युवाओं में लगाव पैदा करना है। इस प्रतियोगिता के विजेताओं को नौ जून को गोरखपुर के गोकुल अतिथि भवन में आयोजित तृतीय यायावरी भोजपुरी महोत्सव में पुरस्कृत किया जायेगा।

केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 19 जून तक बढ़ी

NEW DELHI : दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को कोर्ट से एक बार फिर जोर का झटका लगा है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। एक्साइज पॉलिसी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तिहाड़ जेल में बंद सीएम केजरीवाल ने चिकित्सा कारणों का हवाला देते हुए 7 दिन की जमानत मांगी थी। जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है। इस बीच, न्यायालय ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक चिकित्सा परीक्षण आयोजित करने का निर्देश दिया है। इधर केजरीवाल को कोर्ट से एक और झटका लगा है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के सीएम और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 19 जून तक बढ़ा दी है।

निवेशकों की पूंजी 13.22 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

NEW DELHI : शेयर बाजार में मंगलवार को आई गिरावट की बुधवार को कुछ हद तक भरपाई हुई, जिससे निवेशकों की पूंजी 13.22 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़ गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,303.19 अंक उछलकर 74,382.24 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान यह 2,455.77 अंक या 3.40 प्रतिशत बढ़कर 74,534.82 अंक पर पहुंच गया था। दलाल पथ पर सकारात्मक धारणा लौटने से बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बुधवार को 13,22,847.05 करोड़ रुपये बढ़कर 4,08,06,552.32 करोड़ रुपये (4.89 लाख करोड़ डॉलर) हो गया।

18वीं लोकसभा के लिए चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद सियासी गतिविधियां तेज

नई सरकार : एनडीए की मीटिंग में 16 दलों के नेताओं ने नरेंद्र मोदी को चुना अपना लीडर

AGENCY NEW DELHI : बुधवार को 18वीं लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब सरकार बनाने के लिए सियासी कवायद तेज हो गई है। इसी सिलसिले में एनडीए की पहली बैठक पीएम आवास में शाम 4 बजे हुई। एक घंटे चली बैठक में मोदी को एनडीए का नेता चुना गया। बैठक में 16 पार्टियों के 21 नेता शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक, एनडीए के सांसदों की 7 जून को बैठक होगी। इसके बाद शाम 5 से 7 बजे के बीच सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए राष्ट्रपति के पास जाएंगे। राजनाथ सिंह, अमित शाह और जेपी नड्डा को सभी सहयोगी दलों के साथ वन-टू-वन बात करने और नई सरकार के स्वरूप पर चर्चा करने की जिम्मेदारी दी गई है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को 240 सीटें मिली हैं। यह बहुमत के आंकड़े (272) से 32 सीटें कम हैं। हालांकि एनडीए ने 292 सीटों के साथ बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया। गठबंधन में चंद्रबाबू की टीडीपी 16 सीटों के साथ दूसरी और नीतीश की जदयू 12 सीटों के साथ तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। दोनों ही पार्टियां इस वक्त भाजपा के लिए जरूरी हैं। इनके बिना भाजपा का सरकार बनाना मुश्किल है। सरकार के बनने के बाद भी इनकी सहमति से ही फैसले लेने होंगे।

- 7 जून को हो सकती है एनडीए के सांसदों की बैठक, पेश करेंगे सरकार बनाने का दावा
- राजनाथ सिंह, अमित शाह और जेपी नड्डा को मिली सहयोगी दलों से बातचीत करने की जिम्मेदारी
- गठबंधन में टीडीपी 16 सीटों के साथ दूसरी और नीतीश की जदयू 12 सीटों के साथ तीसरी बड़ी पार्टी

मीटिंग के बाद नरेंद्र मोदी के साथ एकजुटता का परिचय देते एनडीए के सभी दलों के नेता।

साथियों ने मंत्रालयों की सौंपी लिस्ट, टीडीपी ने 6 मिनिस्ट्री व स्पीकर पद की रखी मांग

जानकारी के अनुसार, टीडीपी ने 6 मंत्रालयों समेत स्पीकर पद की मांग की। वहीं, जदयू ने 3, चिराग ने 2 (एक कैबिनेट, एक स्वतंत्र प्रभार), मांझी ने एक, शिंदे ने 2 (एक कैबिनेट, एक स्वतंत्र प्रभार) मंत्रालयों की मांग की है। वहीं, जयंत ने कहा है कि हमें इलेक्शन के पहले एक मंत्री पद देने का वादा किया गया था। इसी तरह अनुप्रिया पटेल भी एक मंत्री पद चाहती हैं। टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने कहा, 'बैठक अच्छी रही हम एनडीए के साथ मिलकर चुनाव लड़े तभी आज मीटिंग में शामिल हुए। आप लोगों को क्यों शक है। अगर हम गठबंधन का हिस्सा नहीं होते तो साथ मिलकर चुनाव कैसे लड़ते। हम साथ रहे, 3 पार्टियों ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा।

2018 में टीडीपी और भाजपा अलग हुई, 2024 में फिर साथ आई

2014 में टीडीपी और भाजपा ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ा था, लेकिन 2018 में टीडीपी ने भाजपा से किनारा कर लिया। इसके बाद पीएम मोदी और नायडू में विरोध इस हद तक बढ़ गया कि आंध्र प्रदेश जाने पर प्रोटोकॉल के तहत टीडीपी का कोई मंत्री तक प्रधानमंत्री की अगवानी में नहीं आया। व्यक्तिगत हमलों का स्तर ये था कि मोदी ने नायडू को 'ससुर एनटी रामा राव का गद्दार' कहा और नायडू, मोदी पर हमला करते-करते उनकी पत्नी जसोदाबेन का जिक्र ले आए। 6 साल बाद 9 मार्च 2024 को सारे गिले-शिकवे भुलाकर टीडीपी फिर एनडीए का हिस्सा बनी।

'इंडिया' गठबंधन की बैठक में शामिल हुए सभी दलों के वरिष्ठ नेता

नरेंद्र मोदी के खिलाफ है लोकसभा चुनाव का जनादेश : मल्लिकार्जुन

AGENCY NEW DELHI : बुधवार को 'इंडिया' गठबंधन की भी बैठक हुई। इसमें सभी दलों के वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, लोकसभा चुनाव का जनादेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ है, लेकिन वह इसे नकारने की हरसंभव कोशिश करेंगे। खड़गे ने बैठक में अपने संबोधन में कहा, मैं 'इंडिया' गठबंधन के सभी साथियों का स्वागत करता हूं। हम एक साथ लड़े, तालमेल से लड़े और पूरी ताकत से लड़े। आप सबको बधाई। खड़गे ने कहा, 18वीं लोकसभा चुनाव का जनमत सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ है। चुनाव उनके नाम और चेहरे पर लड़ा गया था और जनता ने भाजपा को बहुमत न देकर उनके नेतृत्व के प्रति साफ संदेश दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष के मुताबिक, व्यक्तिगत रूप से नरेंद्र मोदी के लिए यह ना सिर्फ राजनीतिक शिकस्त है, बल्कि नैतिक हार भी है।

'इंडिया' गठबंधन की बैठक में भाग लेते सभी दलों के नेता।

मेरी नीतीश कुमार से कोई बातचीत नहीं हुई : चम्पाई

सीएम चम्पाई सोरेन ने कहा है कि राजनीति के हर मोड़ पर लोग मिलते-जुलते रहते हैं। इसमें कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि मेरी नीतीश कुमार से कोई बातचीत नहीं हुई है। अगर हमारे साथी दल में से किसी ने नीतीश कुमार से बात की होगी तो इसकी मुझे जानकारी नहीं है। वे बुधवार को दिल्ली में मीडिया से बातचीत में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राजनीति में सभी दलों के साथ मुलाकात होती रहती है। यहां कोई भी अछूता नहीं है। बताते चलें कि एनडीए के घटक दल टीडीपी और जेडीयू किंगमेकर की भूमिका में आ गये हैं। अब केंद्र में सरकार बनाने के लिए बीजेपी टीडीपी के चंद्रबाबू नायडू और जदयू के नीतीश कुमार पर निर्भर हो गई है। इधर, गांडेय विधानसभा से विधायक सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन बुधवार को इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंची। बैठक में शामिल होने से पूर्व वह वहां पर मौजूद लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया।

कल्पना सोरेन ने जीत के बाद शिबू सोरेन को खिलाई मिठाई

गांडेय विस उपचुनाव के बाद कोयलांचल में बदल सकती है सियासत की दशा-दिशा

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड की गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव में 'इंडिया' की संयुक्त उम्मीदवार के रूप में झामुमो की नेता कल्पना सोरेन चुनाव जीत चुकीं हैं। सामान्य गृहिणी से अब झारखंड की राजनीति का प्रमुख चेहरा बन चुकीं हैं। कल्पना सोरेन की वजह से कोयलांचल की राजनीतिक दशा-दिशा बदल सकती है। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद उत्पन्न परिस्थितियों के कारण अचानक एक महीने पहले कल्पना सोरेन को सक्रिय राजनीति में आना पड़ा। उन्हें पहले सीएम बनाने की बात हो रही थी, लेकिन झामुमो व परिवार में उत्पन्न स्थिति को देखते हुए उन्होंने संगठन के जरिये राजनीति में एंट्री ली।

खास बातें

- मंझे हुए नेता की तरह दिखाया चुनावी कौशल
- विधायक बनने का धनबाद, बोकारो, गिरिडीह व कोडरमा की राजनीति पर पड़ेगा सीधा असर

कल्पना के लिए खाली कराई गई थी गांडेय विधानसभा सीट

कल्पना सोरेन के लिए पहले गांडेय विधानसभा सीट खाली कराई गई। यहां के विधायक रहे डॉ सरफराज अहमद ने इस्तीफा दिया, ताकि यहां विधानसभा उपचुनाव हो सके। डॉ अहमद को पहले राज्यसभा भेजा गया। इसके बाद कल्पना सोरेन को झामुमो ने यहां से अपना उम्मीदवार बनाया। राजनीति में नयी होने के बावजूद कल्पना सोरेन ने गांडेय विधानसभा का उपचुनाव पूरी रणनीति के तहत लड़ा। एक मंझे हुए राजनीतिज्ञ की तरह उन्होंने दल के अंदर व बाहर लोगों को साधा। जनता के सीधे मिलने-जुलने का अंदाज अच्छा रहा। एक ओजस्वी वक्ता के रूप में उभरीं। गांडेय विधानसभा उपचुनाव में जीत दर्ज करने और झारखंड में 'इंडिया' को लोकसभा की पांच सीट मिलने की खुशी में कल्पना सोरेन ने राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन को उनके आवास में जाकर मिठाई खिलायी। उन्होंने शिबू व रूपी सोरेन से आशीर्वाद भी लिया।

नरेंद्र मोदी ने पीएम पद से दिया इस्तीफा राष्ट्रपति ने स्वीकारा

NEW DELHI : नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उन्हें मंत्रिपरिषद सहित अपना इस्तीफा सौंप दिया है। राष्ट्रपति ने उनका इस्तीफा स्वीकार करते हुए उनसे तथा मंत्रिपरिषद से अनुरोध किया है कि वे नई सरकार के कार्यभार संभालने तक पद पर बने रहें। यानी नयी सरकार के गठन होने तक नरेंद्र मोदी कार्यवाहक पीएम की तरह काम करते रहेंगे।

17वीं लोकसभा भंग

इधर, चुनाव के नतीजे आ जाने के बाद जहां नई सरकार बनाने की कवायद तेज हो गई है। वहीं, 17वीं लोकसभा को भंग कर दिया गया है। कैबिनेट ने आज की बैठक में राष्ट्रपति को 17वीं लोकसभा को तत्काल प्रभाव से भंग करने की सलाह दी। राष्ट्रपति ने कैबिनेट की सलाह स्वीकार कर ली है और 17वीं लोकसभा को भंग करने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के साथ ही साफ हो गया कि देश में एक बार फिर मोदी सरकार बनने जा रही है। 18वीं लोकसभा चुनाव में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिला है। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनाने का दावा पेश करने जा रही है। एनडीए गठबंधन के पास 292 सीटें हैं। जौ मैजिक नंबर 272 से काफी ज्यादा हैं। सबसे बड़ी बात की 1962 के बाद यह पहला मौका है जब कोई पार्टी देश में तीसरी बार सरकार गठन करने जा रही है। इस बार के चुनाव में एनडीए को 292 सीटें और विपक्षी इंडिया गठबंधन को 234 सीटें मिली हैं। राजनीतिक रूप से कई प्रकार के कयास इस बीच लगाए जा रहे हैं लेकिन स्पष्ट हो चुका है कि एनडीए की सरकार दो-तीन दिनों में बन जाएगी।

लोस चुनाव : मीडिया बनाम सोशल मीडिया

टिप्पणी

डॉ. क्षमा त्रिपाठी
एसोसिएट एडिटर
द फोटोन न्यूज

लोकसभा चुनाव 2024 संपन्न हो गया। पूरे चुनाव में अगर नेताओं की राजनीतिक बयानबाजी के बाद सबसे अधिक किसी बात की चर्चा रही है तो वह मेन स्ट्रीम मीडिया बनाम सोशल मीडिया की। मेन स्ट्रीम मीडिया का एक बड़ा वर्ग मोदी सरकार के समर्थन में खुलकर खड़ा दिखाई दिया, वहीं सोशल मीडिया का बड़ा हिस्सा खुद को मोदी का सबसे बड़ा विरोधी साबित करने में जुटा रहा। दोनों तरफ से चुनाव परिणाम के पहले अपने-अपने दावे किए गए। कोई 400 सीटों के साथ सरकार की वापसी की भविष्यवाणी कर रहा था। कोई हर हाल में सरकार की विदाई की तारीख बता रहा था। देश की जनता ने इस पूरी नूरा-कुश्ती के बीच अपना जनादेश सुना दिया। एनडीए बहुमत में आ गई। भाजपा की अपेक्षा से कम सीटें रह गईं। अब पूरे परिणाम पर दोनों तरफ से अपने-अपने तरीके से सफाई पेश की जा रही है। सोशल मीडिया का एक बड़ा हिस्सा विपक्ष से कहीं अधिक इसे अपनी जीत बताने में जुटा हुआ है। मानो, भाजपा चुनाव हार गई है। इसके ठीक उलट मेन स्ट्रीम मीडिया का प्रयास है कि वह एग्जिट पोल करने वाली एजेंसी के माथे पर 400 सीट का ठीकरा फोड़कर अपनी साख बचा ले।

दरअसल, हकीकत कहीं इन दोनों के बीच छिपी है। इस चुनाव में मेन स्ट्रीम मीडिया का एक बड़ा हिस्सा जनता से दूर होकर एसी और एआइ के जरिए जन-मन को समझने का प्रयास करता रहा। तकनीक पर निर्भरता को संवाददाता का विकल्प समझ लिया गया। एजेंसी की गणना को रिपोर्टर की समझ से कहीं अधिक महत्व दिया गया। बड़े नेताओं के इंटरव्यू और हवाई जहाज में सफर को चुनावी कवरेज मान लिया गया। यही वजह रही है कि अधिकांश मीडिया हाउस परिणाम के दिन जमीनी सच से दूर खड़े नजर आए।

बात सोशल मीडिया की करें तो इसका एक बहुत बड़ा वर्ग केवल और केवल मोदी विरोध की बुनियाद पर ही टिका है। टीवी पर अपने मन के अनुसार की कहानी नहीं सुन पाने वाली जमात सच की तलाश में इंटरनेट की दुनिया में पहुंच रही है। यहां व्यू, लाइक और सब्सक्राइव पाने की उम्मीद लिए बैठे कई पुराने मठाधीश वह सच परोसते हैं, जो टीवी में नहीं दिखाया जाता। बिना सत्यापित स्रोत के हर दिन नए-नए दावे किए जाते हैं। नई-नई कहानियां बनाई जाती हैं। जिन लोगों के बारे में दावे किए जाते हैं, उनसे पूछने या बयान लेने तक की हिम्मत नहीं जुटाई जाती। मनगढ़ंत दावे को सूत्र की सूचना का हवाला देकर बिना किसी रोकथाम के जनता के सामने परोस दिया जाता है। अधिकांश लोग इसे सच भी मान लेते हैं।

इस बार लोकसभा चुनाव के कवरेज के दौरान भी यही हुआ। कई सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कुछ कथित मीडिया एक्सपर्ट्स को ऑनलाइन जोड़कर मनभावन बयान दिलवाए गए।

शेष पेज 04 पर।

तीन सीटों हुईं कम, एसटी के लिए रिजर्व एक सीट भी नहीं जीत सकी पार्टी

2019 की तुलना में 7 फीसद घट गए भाजपा के वोट

चिंताजनक

PHOTON NEWS RANCHI : पूरे देश में इस लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटें 302 से घटकर 240 हो गईं। झारखंड की बात करें तो 2019 की तुलना में इस बार पार्टी को तीन सीटें कम मिली हैं। पिछली बार 11 सीटें मिली थीं। इस बार 8 पर ही संतोष करना पड़ा है। वोट प्रतिशत भी पहले की तुलना में 7 प्रतिशत गिर गया है। सबसे आश्चर्यजनक बात तो यह है कि राज्य में आदिवासियों के लिए आरक्षित 5 सीटों में से पार्टी को एक सीट भी नहीं मिली। सवाल उठ रहा है कि क्या इस वर्ग के वोटरों में हेमंत सोरेन को जेल भेजने को लेकर नाराजगी थी और इसके खिलाफ चुनाव में उन्होंने प्रतिक्रिया व्यक्त की। पांच रिजर्व सीटों में तीन सीटों- राजमहल, दुमका और सिंहभूम पर झामुमो और दो सीटों- खूंटी और लोहरदगा पर कांग्रेस ने जीत हासिल की है।

7% की गिरावट आना पार्टी के लिए बड़ी चिंता

कुल मिलाकर वोटो में 7 प्रतिशत की गिरावट आना पार्टी के लिए चिंताजनक है। 2019 के चुनाव में 11 सीटें जीतने वाली भाजपा को 51.60 प्रतिशत वोट मिले थे। इसकी तुलना में 2024 में सिर्फ 44.60 प्रतिशत ही वोट मिले हैं। गठबंधन के लिहाज से देखें तो झारखंड में आजसू के 2.62 वोट प्रतिशत के साथ एनडीए को कुल 47.22 प्रतिशत वोट मिले हैं। हां, पार्टी को इस बात के लिए संतोष हो सकता है कि वोटो में 7 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद उसे 'इंडिया' गठबंधन की अपेक्षा अधिक प्रतिशत मत हासिल हुए हैं। इस चुनाव में 'इंडिया' गठबंधन में शामिल कांग्रेस को 19.19 प्रतिशत, झामुमो को 14.60 प्रतिशत, राजद को 2.77 प्रतिशत और भाकपा-माले को 2.41 प्रतिशत यानी कुल 38.97 प्रतिशत वोट मिले। इस लिहाज से एनडीए को इंडिया गठबंधन की तुलना में 8.25 प्रतिशत ज्यादा वोट मिले। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड में कुल मिलाकर 66.8 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। तब सबसे ज्यादा वोटिंग दुमका सीट के लिए 73.43 और राजमहल सीट के लिए 72.05 प्रतिशत मतदान हुआ था।

कोडरमा सीट पर सबसे ज्यादा अंतर से हुई जीत

इस चुनाव में कोडरमा सीट से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी सबसे ज्यादा वोट के अंतर से जीतीं। उन्होंने 3,77,014 वोट के अंतर से इंडिया गठबंधन के भाकपा माले प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह को हराया। इस मामले में दूसरे नंबर पर धनबाद से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो रहे। पार्टी ने सीटिंग सांसद पीएन सिंह का टिकट काटकर बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो को मैदान में उतारा था और वे पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरे। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को 3,51,583 वोट से हराया। तीसरी बड़ी जीत पलामू सीट पर दिखी। यहां भाजपा के वीडी राम ने राजद के ममता भुइयां को 2,88,807 वोट से हराया। उन्होंने जीत की हैट्रिक लगाई।

संबंधित खबर पेज 02 पर।

आकलन : इंडिया गठबंधन हेमंत के जेल जाने की घटना को आदिवासी अस्मिता से जोड़ने में रहा सफल

आखिर झारखंड में 'भगवा एक्सप्रेस' पर क्यों लगा ब्रेक

संविधान बदलने की तैयारी और आरक्षण पर खतरे का मुद्दा विपक्ष जनता तक पहुंचाने में रहा सफल

वीरेंद्र ओझा
संपादकीय प्रभारी, जमशेदपुर

अर्जुन मुंडा

गीता कोड़ा

सीता सोरेन

ताला मरांडी

समीर उरांव

लोकसभा चुनाव में इस बार उत्तर प्रदेश, बिहार व महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में भाजपा की सीटें कम हुई हैं, लेकिन झारखंड में भी पार्टी को कम झटका नहीं लगा है। पिछले लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन के पास राज्य की 12 लोकसभा सीटें थीं। इस बार गठबंधन को महज 9 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि आखिर झारखंड में ह्यभगवा एक्सप्रेसह्ल पर ब्रेक क्यों लगा?

भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी व प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मतगणना के एक दिन पहले तक झारखंड की सभी 14 सीटें जीतने का दावा कर रहे थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। खासकर, अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित पांचों सीट पर भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ा। इसके कारणों की पड़ताल व समीक्षा भाजपा तो करेगी ही, आम कार्यकर्ता भी इसके कारणों पर चर्चा करने लगे हैं।

राजनीति के जानकारों की मानें तो भाजपा की राह में सबसे ज्यादा रोड़े पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जेल यात्रा ने अटकाए। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन सहित तमाम झामुमो नेताओं ने हेमंत को जेल भेजने को आदिवासी अस्मिता से जोड़ा और इसका आरोप निवर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर लगाया। इसके बहाने केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली को तानाशाही से जोड़ा गया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी जमशेदपुर के भाषण में कहा था कि हेमंत सोरेन देश के इकलौते आदिवासी मुख्यमंत्री थे, जो नरेंद्र मोदी और भाजपा को खटक रहे थे। केजरीवाल ने कहा था कि हेमंत सोरेन सिर्फ झारखंड नहीं, पूरे देश के आदिवासियों के सबसे बड़े नेता हैं। ऐसा करके भाजपा ने पूरे देश के आदिवासियों को चुनौती दी है, उन्हें ललकारा है। यह बात झामुमो ने अपने कार्यकर्ताओं के जरिए गांव-गांव तक पहुंचा और इस चुनाव में इसका बदला चुकाने का आह्वान किया। शायद यही वजह रही कि आरक्षित सीटों पर भाजपा का कोई प्रत्याशी नहीं जीत सका। हालांकि, सीता सोरेन बहुत कम अंतर से हारीं, लेकिन उनका हारना भी शुरू से ही तय माना जा रहा था।

अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटों पर भाजपा की राह में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी बाधक बन कर खड़ी हो गईं। मात्र दो माह के राजनीतिक कॅरियर में उन्होंने जिस धमाकेदार अंदाज में इंट्री मारी है, उससे हर कोई हैरान है। राष्ट्रीय स्तर पर कल्पना को उनके भाषणों के लिए सराहा गया।

इन सबके अलावा आदिवासी बहुल सीटों पर जिन फैक्टरों ने भाजपा की राह रोकी, उसमें देश भर में विपक्ष की ओर से प्रचारित किए गए आरक्षण समाप्त करने और संविधान बदलने के दावे की शामिल रहे।

जहां तक बात पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की हार की है, तो उनके खिलाफ आदिवासी और ईसाई मतदाताओं का एकजुट होना भारी पड़ा।

रही-सही कसर महतो वोटरों ने उनकी खिलाफत करके पूरी कर दी। पिछले दिनों आदिवासी का दर्जा पाने के लिए जितने भी बड़े कुड़मी आंदोलन किए गए थे, उसमें जनजातीय मामलों के मंत्री होने के नाते अर्जुन मुंडा को ही दोषी ठहराया गया था। उसी समय कुड़मियों ने आह्वान किया था कि इस बार अर्जुन मुंडा को चुनाव में सबक सिखाएंगे।

खूंटी लोकसभा क्षेत्र में लगभग 25 फीसद जनसंख्या कुड़मियों की है। माना जा रहा है कि भाजपा को खूंटी सीट पर चौतरफा सामाजिक विरोध का खामियाजा उठाना पड़ा है। इस बार एनडीए गठबंधन को खूंटी, सिंहभूम, लोहरदगा, राजमहल और दुमका सीट पर हार का मुंह देखना पड़ा है।

आदिवासी आरक्षित इन सीटों पर हुई भाजपा की हार

खूंटी

कालीचरण मुंडा	:	5,11,647
अर्जुन मुंडा	:	3,61,972
जीत का अंतर	:	1,49,675

सिंहभूम

जोबा मांझी	:	5,20,164
गीता कोड़ा	:	3,51,762
जीत का अंतर	:	1,68,402

दुमका

नलिन सोरेन	:	5,47,370
सीता सोरेन	:	5,24,843
जीत का अंतर	:	22,537

राजमहल

विजय कुमार हांसदा	:	6,13,371
ताला मरांडी	:	4,35,107
जीत का अंतर	:	1,78,264

लोहरदगा

सुखदेव भगत	:	4,83,038
समीर उरांव	:	3,43,900
जीत का अंतर	:	1,39,138

खूंटी में लूटकांड का खुलासा

तीन गिरफ्तार, सामान बरामद

बरामदगी के बारे में जानकारी देते पुलिस अधिकारी • फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS KHUNTI : कर्रा थाना क्षेत्र के हेसला गांव के पास 30 मई 2024 को फ्लिप कार्ड के डेलिवरी एजेंट से हुए लुटकांड का खुलासा करते हुए कर्रा पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों में कर्रा थाना क्षेत्र के सिरका गांव का मदन कच्छप, जरिया गांव का शखिल ताम्बा तथा काटमकुकू, महुआ टोली गांव का विकास मिंज शामिल है। उनके पास से लूटे गये मोबाइल फोन, चार्जर, नगद 4500 रुपये सहित अन्य सामान बरामद किये गये हैं।

लूटकांड में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। इस संबंध में एसडीपीओ क्रिस्तोफर केरकेट्टा ने बुधवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि लोधमा चौक के पास कुछ युवक एक दुकान में चोरी का मोबाइल बेचने का प्रयास कर रहे हैं। इस सूचना पर एसपी ने एसडीपीओ क्रिस्तोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर तत्काल छापामारी के लिए भेजा गया।

छापामारी टीम जैसे ही वहां पहुंची पुलिस की गाड़ी को देखकर तीनों युवक वहां से भागने लगे। सशस्त्र बल के सहयोग से तीनों को खदेड़ कर लोहागड़ा बस्ती के पास जंगल से पकड़ लिया गया। उनके पास से दो मोबाइल, चार्जर, 4500 रुपए नगद बरामद किया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होंने फ्लिप कार्ड के एजेंट से लूटकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर लूटा हुआ शर्ट, टी शर्ट, वाटर बोतल, स्कूटी की चाबी आदि सामान बरामद किये गये।

BRIEF NEWS

जमशेदपुर में महिला उत्पीड़न मामले में तीन साल की कैद

JAMSHEDPUR : महिला उत्पीड़न का आरोप साबित होने पर दोषी मो. खालिद आलम को तीन साल कैद की सजा अतिरिक्त सत्र एवं जिला न्यायाधीश मंजू कुमारी (पांच) के न्यायालय ने सुनाई। सोनारी के कागलनगर की रहने वाली पीड़िता ने बताया कि उसके पति प्रकाश की मृत्यु हो गई थी, जिसके बाद वह काम करने लगी। इसी बीच उसका परिचय कीताडीह में मस्जिद रोड के मो.खालिद आलम से हो गया। खालिद ने खुद को अविवाहित एवं हिंदू बताया, लेकिन पीड़िता को जब पता लग गया कि वह शादीशुदा है, उसने खालिद से दूरी बना ली। 13 फरवरी 2022 को हद हो गई, जब आरोपी उसके नए घर में आ गया और छेड़खानी करने लगा। इसके बाद मामला दर्ज हुआ और सत्र न्यायालय में आरोप साबित हुआ।

चुनाव जीतने पर सांसद ने जताया आभार

PALAMU : 13 पलामू संसदीय सीट से चुनाव जीतने के बाद बीजेपी कैंडिडेट वीडी राम ने वोटरों एवं कार्यकताओं का आभार जताया। डालटनगंज में अपने आवास पर बुधवार को पत्रकारों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह जीत अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाने के लिए यह जनादेश मिला है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता और पार्टी नेताओं ने हर एक स्तर पर जीत सुनिश्चित करने के लिए उनका साथ दिया।

चोरी के आरोपी को ग्रामीणों ने पीटा पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती

GARHWA : गढ़वा थाना क्षेत्र के तिलदाग गांव में चोरी की घटना को अंजाम देने पहुंचे एक युवक को चोरी के आरोप में ग्रामीणों ने जमकर पिटाई कर दी। उसके बाद ग्रामीणों ने उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। उसकी पहचान गढ़वा थाना क्षेत्र के टेढी हरैया गांव निवासी 45 वर्षीय उजागिर अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, वह पहले भी कई मामलों में जेल जा चुका है। घायल उजागिर अंसारी को इलाज के लिए पुलिस ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जा रहा है कि उजागिर अंसारी तिलदाग गांव के साव टोला निवासी राहुल साव के घर चोरी करने घुसा था। घरवालों के शोर गुल के बाद

अस्पताल में इलाजरत चोरी का आरोपी

ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और जमकर पिटाई की। ग्रामीणों की सूचना के बाद मुखिया प्रतिनिधि ने घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों को समझाया। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर उजागिर अंसारी को हिरासत में लेकर सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। ग्रामीणों की पिटाई से उसके शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोट लगी है।

गुरहा बना चोरों का गढ, तीन चोर गिरफ्तार, एक 15 वर्ष बाद धराया

PALAMU : तरहसी थाना क्षेत्र का गुरहा चोरों का गढ बनता रहा है। इस इलाके से लगातार चोर पड़के जा रहे हैं। एक बार फिर तीन चोर पकड़े गए हैं। एक चोर 15 वर्ष बाद धराया है। चोरों के पास से चोरी गया मोटर पंप बरामद किया गया है। तरहसी थाना क्षेत्र के गुरहा से दो मोटर पंप चोर को गिरफ्तार किया गया है। दोनों चोरों ने 2 जून को सुग्गी गांव में दिलीप कुमार पांडेय पिता राम कठिन पांडेय के खेत से मोटर पंप को खोलकर ले गए थे। मामला दर्ज होने के बाद थाना प्रभारी नीरज कुमार ने कार्रवाई करते हुए इद्रू खां एवं तन्नुम खां को गिरफ्तार किया गया। उनकी निशानदेही पर चोरी गई मोटर पंप गुरहा में अमानत नदी में बालू में छुपाकर रखे अवस्था मे बरामद की।

रामगढ़: ढाई टन डोडा जब्त, तीन गिरफ्तार

PHOTON NEWS RAMGARH: जिला पुलिस ने करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये मूल्य के डोडा की बड़ी खेप जब्त किया है। साथ ही पुलिस ने डोडा की इस खेप को एस्कॉर्ट कर रहे वाहन के साथ तीन आरोपितों को भी गिरफ्तार किया है। रामगढ़ पुलिस को नशे के कारोबार के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि मंगलवार रात गुप्त सूचना मिली कि नशे के सौदागर लाल रंग के छोटे ट्रक में डोडा को रांची से हजारीबाग के रास्ते पंजाब ले जा रहे हैं। इस पर पुलिस अधीक्षक ने एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम गठित की। टीम ने एस्कॉर्ट वाहन और ट्रक में 117

गिरफ्तारी के बारे में जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी • फोटोन न्यूज

बोरियों में 2,407 किलो डोडा जब्त किया, जिसकी अनुमानित बाजार मूल्य करीब 3.5 करोड़ रुपये है। पुलिस ने इस मामले में ट्रक चालक और ट्रक को एस्कॉर्ट कर रहे दो नशे के सौदागरों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस की पूछताछ में इन नशा कारोबारियों ने बताया कि वे इसे खूंटी से पंजाब ले जा रहे थे। पकड़े गए मुख्य आरोपित का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। वह पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल जा चुका है। उसके परिवार के लोग भी नशा कारोबार में संलिप्त हैं।

गिरिडीह में 25 पेटी अवैध शराब जब्त

GIRIDIH : शराब के अवैध कारोबारी ने मंगलवार देर रात गिरिडीह के तीन थानों की पुलिस को कई बार चकमा दिया लेकिन अंततः धनवार थाना पुलिस शराब लोडेड कार को जब्त करने में सफल रही। जब्त कार में अलग-अलग कंपनी के ब्रांडेड कंपनी के 26 पेटी अवैध शराब बरामद हुए। धनवार थाना पुलिस ने बुधवार को बताया कि जब्त सेडान गाड़ी का मालिक कौन है और अवैध शराब का पूरा स्टॉक किसका था, ये पता लगाने में पुलिस जुटी हुई है। सेडान के ड्राइवर से पूछताछ कर पुलिस जानकारी जुटा रही है।

हत्या के चार आरोपियों को सश्रम आजीवन कारावास

PHOTON NEWS PALAMU : पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के तृतीय जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शंकर कुमार महराज की अदालत ने हत्या के चार दोषियों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई हैं। सजा पाने वाले में चैनपुर थाना अंतर्गत गुरहा निवासी गुड्डु पासी, रामावतार पासी, महेश पासी, सुनीता देवी शामिल हैं। चैनपुर थाना क्षेत्र के गुरहा के विकास कुमार पासी के फर्द बयान पर उक्त चार लोगों के विरुद्ध चैनपुर थाना में कांड संख्या 468/2020, दिनांक 20 दिसंबर 2020 को नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। आरोप था कि

अभियुक्तों का मृतक अजय राम पासी से रास्ता की जमीन को लेकर विवाद था। उसके संबंध में पूर्व में गाली गलौज एवं झगड़ा हुआ था। 19 दिसम्बर 2020 को अजय राम पासी मजदूरी के लिए गया था, लेकिन देर शाम तक वह वापस नहीं लौटा तो उसका पुत्र विकास कुमार पासी तथा पत्नी गीता देवी खोजने के लिए निकले, लेकिन उस दिन उसका पता नहीं चला। 20 दिसंबर को विकास और उसकी मां सुबह से ही अजय को ढूढ रहे थे। इसी क्रम में डुमरिया बांध पर पहुंचे तो देखा कि अजय का शव वहां पड़ा है तथा ललाट पर चोट लगा हुआ था। उसके गर्दन के दाहिने तरफ जख्म के निशान था। अजय राम पासी की हत्या टांगी से काटकर की गयी थी तथा शव छुपाने के उद्देश्य से डुमरिया बांध के पास ले जाकर फेंक दिया गया था। अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए चारो आरोपी को 302/34 में सश्रम आजीवन कारावास की सजा व साढ़े सात हजार रुपये सभी को जुमार्ने की सजा भी सुनाई है।

मुरारी तिवारी की हत्या करने आए दोनों आरोपित धराए

PALAMU : जिला मुख्यालय डालटनगंज शहर थाना क्षेत्र के रेडमा के रहने वाले मुरारी तिवारी की हत्या करने आए दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से हत्या में इस्तेमाल की गई बिना मैगजीन की पिस्तौल और मोटरसाइकिल बरामद की गई है। 30 मई की शाम रेडमा में एक बाइक से आये दो अपराधियों ने मुरारी तिवारी को गोली मारने की कोशिश की थी। पहले राउंड में गोली चलाने पर फायर नहीं हुई थी, जबकि दूसरे राउंड की गोली पिस्तौल की मैगजीन गिरने से नहीं चली थी। दरअसल, दूसरी बार जब मुरारी तिवारी को गोली मारी जा रही थी तो उन्होंने हमलावरों को धक्का दे दिया था। जांच चल रही है।

पलामू में चेकडैम में नहाने के दौरान किशोर की डूबकर मौत

PALAMU : पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के कउवल गांव स्थिति सुखनदिया नदी में बने बगैया चेकडैम में नहाने के दौरान डूबने से बच्चे की मौत हो गयी। बच्चे की पहचान कउवल निवासी मंजय यादव का पुत्र अंकित कुमार (9) के रूप में हुई है। बच्चा अपने दादा-दादी के साथ रिलेशन में जाने के लिए घर से निकला था। परिजनों ने बताया कि अंकित कुमार अपने दादा-दादी के साथ घर से निकलकर रिश्तेदारी में जा रहा था। घर से कुछ दूरी पर सुखनदिया नदी में एक छोटा चेकडैम बनाया हुआ है। वही उसी गांव कुछ बच्चे स्नान कर रहे थे।

अंकित भी उनलोगों के साथ स्नान करने लगा और चेक डैम में डूबकर लापता हो गया। उसके दादा दादी ने काफी खोजबीन तो देखा कि चेकडैम में एक जगह दलदली मिट्टी है। उसीमें थोड़ा सा शरीर का भाग दिख रहा था। काफी हल्ला गुल्ला के बाद ग्रामीण जुटे और शव को बाहर निकाला।

सुशीला देवी हत्याकांड मामले में एक और आरोपित गिरफ्तार

RAMGARH: शहर के छोटकी मुर्रा के विद्यानगर मोहल्ले में 60 वर्षीय शुशीला देवी हत्याकांड मामले में रामगढ़ पुलिस ने एक और आरोपित को पकड़ लिया है। इस मामले की जानकारी बुधवार को एसपी डॉ बिमल कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्त रेलवेकर्मी अशर्फी प्रसाद के घर में बीते 30 मई को उनकी पत्नी सुशीला देवी की हत्या, कर नकदी एवं आभूषण लूटपाट कर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से घर में अगजनी कर सनसनीखेज घटना का नाम दिया गया था। इस मामले में चौथा आरोपी मगनपुर गोला निवासी कासिफ मून अमीन को गिरफ्तार कर लिया गया।

पर्यावरण की रक्षा के लिए सजग दिखा झारखंड, हर जिले में हुआ कार्यक्रम

पलामू के सिविल कोर्ट परिसर में किया गया पौधारोपण

PHOTON NEWS PALAMU : विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को सिविल कोर्ट परिसर में विमल पुष्प वाटिका में पौधारोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने पौधारोपण किया।

मौके पर प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि प्रकृति के बिना मानव जीवन की कल्पना असंभव है। लगातार बढ़ते प्रदूषण के कारण प्रकृति व पर्यावरण का तेजी से नुकसान पहुंच रहा है। हर एक व्यक्ति को चाहिए कि वह अपने स्तर से पर्यावरण को बचाने के लिए एक-एक पौधे का रोपण एवं संरक्षण का जिम्मेदारी ले। उन्होंने कहा कि मानव जीवन को बचाने के लिए पौधारोपण को सुरक्षित व

संरक्षित रखना, हम सबों की नैतिक जिम्मेदारी है। मौके पर अन्य न्यायिक अधिकारियों द्वारा भी पुष्प वाटिका में कामिनी, अनार, नीम्बू, आंवला, मोहिग्नि आदि के दर्जनों पौधारोपण किया गया। मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्र, जिला जज प्रथम विनोद कुमार सिंह, चतुर्थ अभिमन्यु कुमार, द्वितीय अकिलेश कुमार मौजूद रहे।

गोड्डा में बच्चों ने रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

GODDA : विश्व पर्यावरण दिवस पर अदाणी फाउंडेशन के सामुदायिक सहभागिता और पर्यावरण जागरुकता कार्यक्रम में मोतिया, डुमरिया, बक्सरा, पटवा आदि गांवों के 8 स्कूलों, 6 आंगनवाड़ी केंद्रों के 300 बच्चों और स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। गांवों में बच्चों ने रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पावर प्लांट से सटे गांवों में बच्चों ने फलदार पौधों (आम, अमरुद, जामुन, आंवला) का रोपण किया। साथ ही स्कूली बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित पोस्टर बनाएं।

विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता के विजेताओं समेत सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति शपथ भी दिलाई गई।

लोहरदगा में पीडीजे, डीसी और एसपी ने किया पौधरोपण

PHOTON NEWS LOHARDAGA: विश्व पर्यावरण दिवस पर आज लोहरदगा जिले के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अरविंद कुमार पांडेय, उपायुक्त सह डालसा उपाध्यक्ष डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक सह सदस्य डालसा हारिस बिन जमा, डालसा सचिव राजेश कुमार, न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित कुमार गुप्ता, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार एवं अन्य ने मंडल कारागार में पौधरोपण किया।

वन विभाग के सहयोग से चलाए गए इस पौधरोपण कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, सिविल कोर्ट के कर्मी, डालसा के पीएलबी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

लोहरदगा जेल के अलावा सिविल कोर्ट, बार भवन, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के सरकारी आवास एवं जज कॉलोनी में आम, महोगनी, शरीफा, लीची, कटहल, आमला और पीपल सहित लगभग 100 पौधों का रोपण किया गया। समस्त कार्यक्रम में पीडीजे अरविंद कुमार पांडेय स्वयं उपस्थित रहे।

पौधारोपण कर लिया धनबाद की आबोहवा शुद्ध करने का संकल्प

PHOTON NEWS DHANBAD: प्रदूषण की समस्या से पूरा कोयलांचल परेशान है। बीच-बीच में धनबाद की हवा इतनी प्रदूषित हो जाती है कि सांस लेना तक मुश्किल हो जाता है। जीवन सुरक्षित रहे, इसके लिए शुद्ध वातावरण जरूरी है। इसके लिए बड़े स्तर पर पौधारोपण, लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग से सचेत करना आवश्यक है। हम और आप मिलकर प्रदूषण की समस्या हल कर सकते हैं। इसी कड़ी में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शहरभर में कई कार्यक्रम हुए। सुबह की शुरूआत झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से प्रभातफेरी निकालकर हुई। जेएसपीसीबी के हाउसिंग कालोनी के क्षेत्रीय कार्यालय पोस्टर-बैनर के साथ प्रभातफेरी निकली।

BRIEF NEWS

हटिया डैम से अज्ञात युवक का शव बरामद

RANCHI : रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र के हटिया डैम से बुधवार को पुलिस ने एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। युवक दस नंबर का झारखंड लिखा हुआ खिलाड़ी वाला टी शर्ट पहने हुए हैं। स्थानीय लोगों मैं घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से युवक का शिनाख्त कराया लेकिन किसी ने भी उसकी पहचान नहीं की।

सरला बिरला स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

RANCHI : सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने नीट (यूजी) 2024 की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है. भूमि केशरी, निवेदिता राज, कृतिका और दीपशिखा बनर्जी ने नीटमें सफलता प्राप्त कर स्कूल का नाम रौशन किया है. सभी छात्रों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने अभिभावकों और शिक्षकों को दिया है. स्कूल की प्राचार्या परमजीत कौर ने भी छात्रों को सफलता की बधाई दी है. उन्होंने कहा कि भविष्य की सफलता के लिए आज का परिश्रम महत्वपूर्ण है. कठोर परिश्रम के परिणाम स्वरूप ही छात्रों ने सफलता हासिल की है.

ब्यूटी पार्लर में छापेमारी तीन युवतियों से पूछताछ

RANCHI : बरियातू थाना क्षेत्र स्थित एक ब्यूटी पार्लर में पुलिस ने छापेमारी की. इस दौरान पुलिस ने ब्यूटी पार्लर में गलत काम करने के आरोप में तीन युवतियों को हिरासत में लिया. तीनों को महिला थाना में रखा गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है. पुलिस इस मामले में अन्य इलाकों में भी छापेमारी कर रही है. जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि एक ब्यूटी पार्लर में गलत काम हो रहा है. जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी की. हालांकि कोई भी आपत्तिजनक हालत में नहीं पकड़ा गया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. इस मामले में और भी गिरफ्तारी हो सकती है. जल्द ही पुलिस पूरे मामले का खुलासा करेगी.

ट्रेन से बैग चोरी करने के मामले में एक धराया

RANCHI : ट्रेन से बैग चोरी करने के मामले में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम शिव प्रकाश चौधरी है। वह चुटिया का रहनेवाला है। बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार रांची सुरक्षा नियंत्रण से आरपीएफ पोस्ट को एक शिकायत मिली कि ट्रेन संख्या 18635 से एक अज्ञात व्यक्ति काले रंग के ट्रॉली बैग की चोरी कर लिया है। शिकायत प्राप्त होने के बाद निरीक्षक डी शर्मा ने आरपीएफ पोस्ट और सीआईबी के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ सीसीटीवी फुटेज की मदद से स्टेशन की तलाशी ली।

पाकुड़ जिला में पदस्थापित सहायक शिक्षक से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा-

कर्मियों को सेवानिवृत्ति लाभ नहीं देना उनके संवैधानिक और मौलिक अधिकार का हनन

PHOTON NEWS RANCHI : बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्ति सहित अन्य लाभ भुगतान नहीं किए जाने से संबंधित एक मामले में महत्वपूर्ण आदेश पारित किया है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति डा. एसएन पाठक की कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि सरकारी कर्मियों को सेवानिवृत्ति लाभ नहीं देना उनके संवैधानिक और मौलिक अधिकार का हनन है। कोर्ट ने ये भी कहा है कि जब अपीलेट अथॉरिटी ने प्रार्थी के पक्ष में फैसला देते हुए उसकी बर्खास्तगी के आदेश को निरस्त कर दिया है, जिसके बाद वह फिर से सेवा में आ गया और सेवानिवृत हो गया, फिर उसे सेवानिवृत्ति लाभ कैसे नहीं दिया जाएगा। सेवा निवृत्ति लाभ पाने का उसका पूरा अधिकार है। दरअसल, पाकुड़ जिला में पदस्थापित सहायक शिक्षक सरवन कुमार दास पर स्कूल निर्माण में घपले का आरोप लगा था। जिस पर विभागीय कार्रवाई चलते हुए उसे 2 जुलाई 2020 को नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था। जिसके बाद उसने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। हाई कोर्ट ने उसे अपीलेट अथॉरिटी के पास जाने का निर्देश दिया था। इसके बाद उसने अपीलेट अथॉरिटी कमिश्नर संथाल परगना के समक्ष अपनी बर्खास्तगी के आदेश को चुनौती दी थी। कमिश्नर संथाल परगना ने 6 जनवरी 2022 को उसकी बर्खास्तगी के आदेश को निरस्त कर दिया। बाद में 31 जनवरी 2023 को प्रार्थी सेवानिवृत हो गया। इसके बाद प्रार्थी ने अपनी सेवानिवृत्ति लाभ, पेंशन आदि अन्य लाभ दिलाने का आग्रह विभाग से किया। विभाग की ओर से उसे सेवानिवृत्ति लाभ, पेंशन, ग्रेच्युटी जीपीएफ, लिव एनकैशमेंट सहित अन्य सुविधा देने पर आनाकानी की जाने लगी, जिसपर उसने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। इसपर हाईकोर्ट ने फैसला सुनाते हुए उसकी याचिका स्वीकृत करते हुए प्रतिवादी राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह प्रार्थी को पेंशन सहित सभी सेवानिवृत्ति लाभों का भुगतान 6% साधारण ब्याज प्रतिवर्ष की दर से करे। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर 6 सप्ताह में प्रार्थी को सेवानिवृत्ति लाभ, पेंशन सहित अन्य लाभ का भुगतान नहीं किया जाता है तो प्रतिवर्ष 18% साधारण ब्याज की दर से उसे भुगतान करना होगा। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश स्टेट ऑफ केरला बनाम एम पद्मनाभन नायर केस का हवाला देते हुए कहा कि कर्मियों का सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन भुगतान नहीं रोका जा सकता है, यह सरकार के क्षेत्राधिकार में नहीं है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता मनोज टंडन एवं नेहा भारद्वाज ने पक्ष रखा।

सिर्फ हथियार बरामदगी के आधार पर दोषी करार नहीं दिया जा सकता, अन्य साक्ष्य की भी जरुरत

RANCHI : झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि सिर्फ हत्या में इस्तेमाल हथियार की बरामदगी के आधार पर किसी को दोषी करार नहीं दिया जा सकता, दोष सिद्ध करने के लिए अन्य साक्ष्यों की भी जरुरत है। अपने आदेश में कोर्ट ने कहा कि अगर हत्या का हथियार बरामद भी हो जाये और उस पर खून के धब्बे भी हों, तो भी इससे आरोपी का अपराध साबित नहीं होता। यह अकेली परिस्थिति किसी भी तरह से अपीलकर्ता को दोषी ठहराने का आधार नहीं बन सकती। हथियार बरामदगी को छोड़कर अन्य परिस्थितियों पर भी गौर किया जाना चाहिए और अपीलकर्ता को दोषी ठहराने के लिए कुछ कड़ी होनी चाहिए। दरअसल सिमडेगा सिविल कोर्ट ने संजय कुजूर को पिछले वर्ष हत्या के जुर्म में दोषी करार दिया था। इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गयी थी। मृतक मुकेश कुजूर की पत्नी द्वारा दर्ज करवायी गयी एफआईआर के मुताबिक, जब वह खेत पर काम करने गयी थी, तभी उसकी भाभी ने बताया कि उसके पति पर उसके भाई ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया है। हमले के बाद उसका पति बेहोशी की हालत में आंगन में पड़ा मिला। वह तुरंत घर पहुंची और घायल पति को अस्पताल ले गयी। शुरूआत में, भारतीय दंड संहिता की धारा 326/307 (हत्या का प्रयास) के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गयी थी।

जब्त गाड़ियों को थानों में खुले में नहीं रखें, जब तक जांच आवश्यक न हो

झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि पुलिस द्वारा जब्त किए गए वाहनों को पुलिस थानों में खुले आसमान के नीचे तब तक रखने की आवश्यकता नहीं है, जब तक कि जांच के लिए उनकी उपस्थिति आवश्यक न हो। यह मामला पुलिस द्वारा डोडा के अवैध तस्करी में इस्तेमाल के दौरान जब्त किए गए वाहन से जुड़ा था। याचिकाकर्ता ने पुलिस द्वारा जब्त की गई मोटरसाइकिल को मुक्त करने के लिए पहले चतरा सिविल कोर्ट में याचिका दायर की थी। जिसे ट्रायल कोर्ट ने खारिज कर दिया था। ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए अनीता देवी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। जिसपर हाईकोर्ट ने न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि जब्त वाहन का मूल्य प्रतिदिन घटता जा रहा है क्योंकि इसे पुलिस स्टेशन परिसर में बिना देखभाल के रखा गया है।

तीन बांग्लादेशी महिला गिरफ्तार तार काटकर किया था बार्डर क्रॉस

PHOTON NEWS RANCHI : रांची पुलिस ने तीन बांग्लादेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए तीनों महिलाओं को बरियातू थाना क्षेत्र के बाली रिसोर्ट हिल व्यू रोड से गिरफ्तार किया है। सभी की उम्र करीब 20-24 वर्ष के बीच है। पकड़ी गयी तीनों बांग्लादेशी महिलाओं का नाम और पता पूछने इनके द्वारा फर्जी तरीके से भारत में बनाये गये आधार कार्ड दिखाया गया। जिनमें इनका नाम पायल दास, अनिका दत्ता और खुशी लिखा गया है। लेकिन इसकी जांच करने पर पता चला कि इन सभी का निम्पी बरुआ उर्फ पायल दास 2। सरमीन अख्तर उर्फ अनिता दत्ता 3। निपा अख्तर उर्फ खुशी जो अपना नाम बदलकर भारत में रह रही हैं। इन तीनों को महिला पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर गिरफ्तार किया गया। इनके पास से कुल चार मोबाइल और फर्जी आधार कार्ड बरामद किया गया है। इसके अलावा तीन अन्य बांग्लादेशी महिला फरार हैं। उसका नाम प्रवीन, झुमा और हासी अख्तर है।

पुलिस गिरफ्त में बांग्लादेशी महिलाएं। ● फोटोन न्यूज

जमीन घोटाला मामले में आरोपित अफसर अली की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 22 को

PHOTON NEWS RANCHI : पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से जुड़े बरियातू के बड़गाई की 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में आरोपी मोहमद अफसर अली की जमानत याचिका पर अब पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई 22 जून को होगी। मामले में ईडी को जवाब दाखिल करना है। कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया है। अफसर अली की ओर से 14 मई को जमानत की गुहार अदालत से लगाई गई थी। बता दें कि 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में ईडी ने 17 अप्रैल को उन्हें प्रोडक्शन रिमांड पर लेकर इस मामले में भी गिरफ्तार किया था। बरियातू में सेना की 4.5 एकड़ जमीन घोटाले में भी वे आरोपी है, इस मामले में उनकी जमानत याचिका खारिज हो चुकी है। दरअसल,अफसर अली जमीन की फर्जी दस्तावेज बनाने के मास्टरमाइंड है। सेना की कब्जे वाली 4।55 एकड़ जमीन फजीवार्ड़ा मामले में 14 अप्रैल 2023 को ईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया था। उसी समय से वह जेल में है। बड़गाई की 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत 11 आरोपी को ईडी ने गिरफ्तार किया है।

पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पति दोषी करार

RANCHI : अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की कोर्ट ने बुधवार को पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपित पति मोहम्मद सद्दाम को दोषी ठहराया है। दोषी की सजा के बिंदु पर कोर्ट 12 जून को सुनवाई करेगी। मामले के एक आरोपित मोहम्मद असलम को अदालत ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। उल्लेखनीय है कि यह मामला अनगड़ा थाना क्षेत्र से जुड़ा है। बताया जाता है कि मो. सद्दाम की पत्नी ने वर्ष 2018 में आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद मोहम्मद सद्दाम पर पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया था। इसे लेकर अनगड़ा थाना में कांड संख्या 22/2018 थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

एक्स्ट्रीम स्पोर्ट्स बार हत्याकांड में चुटिया थाना प्रभारी सहित तीन पुलिसकर्मी हुए सस्पेंड

PHOTON NEWS RANCHI : चुटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत एक्स्ट्रीम स्पोर्ट्स बार एंड ग्रिल में डीजे संदीप की गोली मारकर हत्या करने के मामले में चुटिया थाना प्रभारी सहित तीन पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। एसएसपी की अनुशंसा पर रांची रेंज के डीआईजी अनुप बिरथरे ने चुटिया थाना प्रभारी उमाशंकर सिंह को सस्पेंड कर दिया जबकि एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने चुटिया थानेदार के बॉडीगार्ड और घटना के समय अरगोड़ा थाना के पेट्रोलिंग वाहन के एक पुलिसकर्मी को सस्पेंड किया है। रांची के एक्स्ट्रीम बार में हुई गोलीबारी और डीजे संदीप की हत्या के बाद यह जानकारी बाहर आयी थी कि चुटिया थाना प्रभारी ने अपने बॉडीगार्ड को ही मामले की जांच के लिए भेजा था। वह खुद मौके पर नहीं पहुंचे। इसकी वजह से इतनी बड़ी वारदात हो गयी। पूरे मामले में चुटिया पुलिस की अनुशासनहीनता सामने आयी थी। इस कांड के बाद यह निर्णय लिया गया कि सभी थानों में पदस्थापित बॉडीगार्ड को लाइन क्लोज किया जायेगा और उन्हें नये सिरे से अलग-अलग थानों में पदस्थापित किया जायेगा। इससे पूर्व डीजीपी ने राजधानी में बढ़ रहे अपराध पर अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक में एक्स्ट्रीम बार हत्याकांड पर नाराजगी जताई थी। उल्लेखनीय है कि 26 मई की देर रात चुटिया थाना क्षेत्र में एक्स्ट्रीम स्पोर्ट्स बार एंड ग्रिल में खाने-पीने के दौरान बार के बाउंसर और पांच लोगों के बीच विवाद हुआ था। इस दौरान बार के बाउंसर ने पांचों लोगों को जमकर पीटा था। सूचना मिलने पर चुटिया थाने के पदाधिकारी बार पहुंचे। पुलिस के आने से पहले एक व्यक्ति के छोड़कर अन्य सभी लोग वहां से चले गये थे।

नशा कारोबार के खिलाफ कार्रवाई में लापरवाही करने पर गिरेगी गाज

RANCHI : नशा कारोबार के खिलाफ कार्रवाई में लापरवाही बरतने पर पुलिसकर्मियों पर गाज गिरेगी। इसे लेकर गुरुवार को डीजीपी अजय कुमार सिंह जिले के एसएसपी, एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक करेंगे। झारखंड हमेशा अफीम समेत अन्य नशीले पदार्थ के उत्पादन को लेकर सवालों के घेरे में रहा है। इसके उत्पादन और उपभोग में वृद्धि देखी गयी है। कई बार तो हाइकोर्ट ने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई के निदेश दिये हैं। झारखंड पुलिस के मुताबिक, बीते पांच सालों में करीब 2024 कांड दर्ज किये गये हैं। जबकि उक्त कांडों में करीब 4949 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

नीट में समरीन सदफ व नूर ने लहराया परचम

PHOTON NEWS KAKE : नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (NEEE) 2024 परीक्षा में कांके प्रखंड के पिरुटोला की रहने वाली समरीन सदफ ने 599 अंक, वहीं इचापीड़ी नयाटोली के नूर मोहम्मद 639 अंक लाकर क्वालीफाई किया है। ऑल इंडिया (ओबीसी केटेगरी) में समरीन सदफ को 38664 रेंक,व नूर मोहम्मद को 18248 रेंक प्राप्त हुआ है। उनकी उपलब्धि पर पूर्व जपि सदस्य ऐनुल हक अंसारी, कांके प्रखंड प्रमुख अंजय बैठा, युवा कांग्रेस महानगर अध्यक्ष जमील अख्तर, जिप सदस्य हिना परवीन, आजसु जिला कार्यकारी अध्यक्ष हकीम अंसारी, कांग्रेस नेता सुरेश बैठा, मोहम्मद महताब आलम ने बधाई देते हुए दोनों छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की है। मौके पर समरीन सदफ ने अपनी उपलब्धि पर इसका श्रेय अपने पिता डॉक्टर अतीक अहमद और मां जिनन्त परवीन सहित परिवार के अन्य सदस्यों को दिया है। समरीन सदफ ने कहा कि डॉक्टर बन कर गरीबो की सेवा करना चाहती हूँ।



विश्व पर्यावरण दिवस : शहर के विभिन्न संगठनों समेत कई जगहों पर कार्यक्रमों का हुआ आयोजन, किया गया पौधारोपण

घर, ऑफिस व प्रतिष्ठानों में लगाएं एक-एक पौधा

PHOTON NEWS RANCHI : विश्व पर्यावरण दिवस पर रांची सिटीजन फोरम की टीम ने बुधवार को हरमू हाउसिंग कॉलोनी में पौधरोपण किया। फोरम के अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला की अध्यक्षता में हरमू हाउसिंग कॉलोनी में बेल, पीपल, बड़, नीम, अमरूद के पौधे लगाए गए। मौके पर दीपेश कुमार निराला ने कहा कि तेजी से रांची का मौसम बदला है और लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। इसको देखते हुए रांची सिटीजन फोरम ने नागरिकों से अपील की है कि वे भी घर, ऑफिस, प्रतिष्ठान के आसपास पौधे लगाएं और उनकी देखभाल कर रांची के मौसम को पूर्व की भांति अनुकूल बनाने में सहयोग करें। मौके पर दीपेश, फोरम के उपाध्यक्ष उमा शंकर सिंह, रेणुका तिवारी, सचिव सुशील क्रांतिकारी और कोषाध्यक्ष विनोद बेगवानी सहित अन्य मौजूद थे।

पौधारोपण करते रांची सिटीजन फोरम के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

प्रधान न्यायायुक्त ने सिविल कोर्ट में किया पौधारोपण

RANCHI : पर्यावरण दिवस के मौके पर सिविल कोर्ट में पौधरोपण किया गया। कोर्ट परिसर में रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे समेत अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने अर्जुन, चंदन और रूद्राक्ष के पौधे लगाये। मौके पर न्यायायुक्त ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रकृति को समर्पित दुनियाभर में मनाया जानेवाला महत्वपूर्ण दिन है। पर्यावरण दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है।

रारहा गांव में लगाए गए 300 आम के पेड़

PITHAURIYA : विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कांके प्रखंड के रारहा गांव में कांके प्रखंड कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के बैनर तले लगभग 300 आम के पौधा का पौधारोपण किया गया। मौके पर कांके प्रखंड के उप प्रमुख अजय बैठा, युवा कांग्रेस के रांची महानगर अध्यक्ष जमील अख्तर, प्रखंड कृषि पदाधिकारी नंदेश्वर दास और रारहा पंचायत के मुखिया किशोर मुंडा के द्वारा पौधा रोपण किया गया। साथ ही ग्रामीणों के बीच में आम का पौधा का वितरण भी किया गया। इस दौरान पेड़ बचाने की सपथ भी ली गई। वही इचापीड़ी पंचायत में भी पंचायत के उप मुखिया मोहम्मद गुफरान अंसारी और ग्रामीणों के द्वारा भी पौधारोपण किया गया।

पल्ली पुरोहित आनंद डेविड खलखो विकार जनरल नियुक्त

PHOTON NEWS RANCHI : संत मरिया महागिरजाघर में बुधवार को रांची डायसिस के 50 से अधिक पुरोहितों का सम्मेलन हुआ। धर्माध्यक्ष विसेंट आइंद की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में रांची, लोहरदगा, मांडर, हुलहुडु, लोधमा, खूंटी, सामलौंग, दिधिया और डोरंडा के पुरोहित शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत मिस्सा बलिदान और परमेश्वर विनती से हुई। इसके बाद चर्च में एक विशेष बैठक हुई। जिसमें आर्च बिशप विसेंट आइंद ने संत मरिया महागिरजाघर के पल्ली पुरोहित आनंद डेविड खलखो को विकार जनरल नियुक्त किया। उन्होंने कहा कि हमें दूसरों के लिए आदर्श बनना है। मौके पर फादर बिपिन टोपनो, फादर अंजलुस एक्का, फादर असीम मिंज, फादर जार्ज मिंज, फादर निखिल मिंज समेत अन्य मौजूद रहे।

विश्व पर्यावरण दिवस : जमशेदपुर को मिले कई तोहफे, हुए विविध कार्यक्रम

टाटा स्टील जू में तेंदुआ और लकड़बग्घे के नए बाड़े का हुआ निर्माण, रहेंगे सुरक्षित

PHOTON NEWS JSR:
टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क (टीएसजेडपी) ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सामान्य तेंदुए और धारीदार लकड़बग्घे के लिए दो नए बाड़े शामिल किए हैं।
केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुसार तेंदुए का बाड़ा 1200 वर्ग मीटर का है, जबकि लकड़बग्घे का बाड़ा 100 वर्ग मीटर का है। बाड़ों का उद्घाटन झारखंड सरकार के क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक रवि रंजन और टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट और टाटा स्टील जूलॉजिकल सोसाइटी (टीएसजेडएस) के चेयरमैन चाणक्य चौधरी, टीएसजेडएस वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय, टीएसजेडएस के मानद सचिव कैप्टन अमिताभ और टीएसजेडपी के उप निदेशक नईम अख्तर सहित अन्य ने किया।
गणमान्य लोगों ने हाइना के नए बाड़े के पास लगभग 20 देसी प्रजाति के पौधे भी लगाए।
इस अवसर पर, स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों के लिए 'आर्ट इन नेचर' नामक एक चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जो इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता' पर आधारित थी। प्रतियोगिता में 11 स्कूलों के कुल 126 छात्रों ने हिस्सा लिया।

बाड़े का निरीक्षण करते वीपीसीएस

बाड़े में मौजूद लकड़बग्घा व तेंदुआ • फोटोन न्यूज

विकास के पथ पर चलते-चलते विनाश की ओर अग्रसर हैं : डॉ.कविता परमार

JAMSHEDPUR : विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बिरसानगर में हरित संवाद का आयोजन किया गया।
सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बिरसानगर में चल रहे राष्ट्रीय सेविका समिति के अभ्यासवर्ग में आज प्रशिक्षणार्थियों के बीच विशेष सत्र में बुधवार को शहर की पर्यावरणविद सह जिला पार्षद डॉ.कविता परमार ने पर्यावरण संरक्षण में '3- पी' की भूमिका को बताया। पेड़ लगाना और जिंदा रखना, पानी बचाना और प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना, ये सभी महिलाएं अपनी दिनचर्या में लाकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभा सकती हैं।

जनसंख्या में बेतहाशा वृद्धि और पेड़ों की संख्या में कमी तापमान के बढ़ने का बड़ा कारण है। इसलिए हम सभी को अपनी जिंदगी के खास मौके पर पेड़ लगाकर उसकी उचित देखभाल करनी चाहिए। दैनिक जीवन मे पानी को बचाने का विभिन्न तरीका भी डॉ.परमार ने सभी को बताया।

दोराबजी टाटा पार्क परिसर में विकसित होगा गुलाब उद्यान

PHOTON NEWS JSR:
जुबिली पार्क में रोज गार्डेन के स्थान पर फायर स्ट्रक्चर बनने के साथ ही रोज गार्डेन समाप्त हो गया था। हालांकि उसी समय एक नया रोज गार्डेन बनाने का आश्वासन दिया गया था, उसे अब दोराबजी टाटा पार्क परिसर में विकसित किया जा रहा है।
विश्व पर्यावरण दिवस को हॉर्टिकल्चरल सोसाइटी जमशेदपुर ने 'भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा लचीलापन' की वैश्विक थीम पर मनाया। 51वें विश्व पर्यावरण दिवस पर सोसाइटी ने टाटा स्टील यूआईएसएल टीम के साथ गुलाब उद्यान विकसित करने के लिए पौधारोपण किया।

पार्क में पौधा रोपण करतीं सोसाइटी की पदाधिकारी • फोटोन न्यूज

हॉर्टिकल्चरल सोसाइटी ऑफ जमशेदपुर टाटा स्टील यूआईएसएल द्वारा दिए गए विशेषाधिकार से बहुत सम्मानित महसूस कर रही है, जो जमशेदपुर के नागरिकों के लिए एक सुंदर गुलाब उद्यान को जीवंत बनाएगा।
इस अवसर पर हॉर्टिकल्चरल सोसाइटी जमशेदपुर की अध्यक्ष सुमिता नूपुर और उपाध्यक्ष प्रणय सिन्हा, चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स, टीएसएल ने गुलाब का पौधा लगाया।

बिरसानगर के स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में पौधा लगाते विधायक सरयू राय • फोटोन न्यूज

पीपुल्स एकेडमी में पौधा लगातीं मायुम

पौधा लगाते सुधा डेयरी के मुख्य कार्यपालक

सिदगोड़ा सूर्य मंदिर परिसर में पौधा लगाते मंदिर समिति के सदस्य

एलबीएसएम कॉलेज में पर्यावरण मनाते शिक्षक व छात्र • फोटोन न्यूज

भालूबासा में पौधा लगातीं महिलाएं

गोलमुरी में पौधा लगाते पूर्व सैनिक

तार कंपनी परिसर में बना नया तालाब

तार कंपनी परिसर में बने नए तालाब का उद्घाटन विश्व पर्यावरण दिवस पर टाटा स्टील वीपी-सीएस चाणक्य चौधरी ने किया। सौंदर्यीकरण के लिए इसका निर्माण पिछले कई महीनों से चल रहा था।

जमीन कारोबारी की हत्या में पांच को उम्रकैद, एक-एक लाख का जुर्माना

पुरानी दुश्मनी और जमीन विवाद को लेकर हुई थी हत्या

PHOTON NEWS JSR:
आजादनगर में जमीन विवाद को लेकर शबाउल हक उर्फ दानिश की गोली मारकर हत्या कर दिए जाने के मामले में पांच दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई। मामले की सुनवाई कर रहे प्रधान न्यायाधीश सह जिला जज-1 अनिल कुमार मिश्रा की अदालत ने बुधवार को अभियुक्तों पर एक-एक लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया। पांच अभियुक्तों में सरफराज आलम उर्फ छोटू,मोहम्मद सलीम उर्फ गुड्डू,

- 29 दिसंबर 2020 को आजादनगर में हुई थी वारदात

मकसूद आलम उर्फ काला मकसूद, शेख फैयाज और शाहनवाज खान उर्फ डाबर हैं। इस मामले में कुल 10 लोगों की गवाही हुई थी।
नमाज से लौट रहा था घर, रास्ते में 5-7 की संख्या में अपराधी घेर कर मारी थी गोली : मृतक शहवानुल हक उर्फ दानिश के पिता इनामुल हक ने बेटे की गोली मारकर हत्या करने का एफआईआर आजादनगर थाने में दर्ज कराई थी। उनका कहना था कि आरोपियों के साथ बेटे का जमीन के लेकर पुराना विवाद था। उसी विवाद को लेकर 29 दिसंबर 2020 की दोपहर जब शहनावुल हक उर्फ दानिश आजादनगर से नमाज अदा कर घर की ओर लौट रहा था। रोड नंबर 4/ सी आजादनगर के पास स्कूटी सवार 5-7 अपराधी ने उसे घेर लिया और गोली मारकर हत्या कर दी।

दक्षिण पूर्व रेलवे की तीन परियोजनाओं का मंत्रालय ने दी हरी झंडी

बादामपहाड़-क्योंझर रेल लाइन का होगा निर्माण

PHOTON NEWS JSR:
रेल मंत्रालय ने दक्षिण पूर्व रेलवे जोन के तीन प्रमुख रेलमार्ग के निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसमे बादामपहाड़-क्योझर के बीच 82.06 किलोमीटर नई रेल लाइन, बांगरीपोसी -गोरुमहिसानी के बीच 85.60 किलोमीटर रेल लाइन और बुरुमारा-चाकुलिया के बीच 59.96 किलोमीटर नई लाइन निर्माण को स्वीकृति हो गई है। इस संबंध में रेलवे बोर्ड के गति शक्ति ज्वाइंट डायरेक्टर अभिषेक जगावत के हस्ताक्षर से पत्र जारी किया गया है। रेलवे की स्वीकृति को वित्त मंत्रालय की स्वीकृति के लिए भेजा गया है।
इन परियोजनाओं के धरातल पर उतरने से ऊर्जा, खनिज और सीमेंट क्षेत्र के व्यवसाय को

रेल लाइन किलोमीटर इतनी राशि से होगा निर्माण

बादामपहाड़-क्योंझर रेललाइन
82.06 किलोमीटर 1,875.72 करोड़

बांगरीपोसी -गोरुमहिसानी रेललाइन
85.60 किलोमीटर 2,269.49 करोड़

बुरुमारा-चाकुलिया रेललाइन
59.96 किलोमीटर 1,459 .13 करोड़

यातायात की बड़ी सुविधा मिलेगी। वहीं दक्षिण पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने इन योजनाओं की स्वीकृति पर रेलवे बोर्ड के प्रति आभार जताया। उन्होने कहा कि दोनों ही रेल लाइन का महत्व झारखण्ड और ओडिशा के लिए महत्वपूर्ण है। क्षेत्र के विकास के लिए यह हमारी पुरानी मांग थी जिसपर रेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृति दी गई है। रेल मंत्रालय द्वारा इस हेतु आदेश जारी कर दिया गया है।

ब्लॉक के कारण ट्रेनों का परिचालय होगा प्रभावित

JAMSHEDPUR : आद्रा डिवीजन में रेलवे के विकासात्मक काम होने के कारण 9 जून को 6 घंटे का पावर ब्लाक लिया गया है। इससे टाटानगर से चलने वाली 3 ट्रेन रद्द रहेगी। इसमे ट्रेन नंबर-18183/18184 टाटानगर-बक्सर-टाटानगर एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर-13512/13511आसनसोल-टाटानगर-आसनसोल एक्सप्रेस और ट्रेन नंबर-08174 टाटा-आसनसोल मेमू शामिल है। अचानक रेलवे द्वारा इन ट्रेनो के रद्द करने से यात्रियों को काफी परेशानी होगी।
टाटा-हटिया एक्सप्रेस बदले मार्ग से चलेगी : इसके साथ ही रेलवे ने ट्रेन नंबर-18601 टाटा-हटिया एक्सप्रेस 9 जून को बदले मार्ग से चलेगी। यह ट्रेन सीनी-गंडाबिहार-मुरी होकर चलेगी। वहीं रेलवे ट्रेन नंबर-08173 आसनसोल-टाटानगर मेमू को आद्रा में शॉर्ट टर्मिनेट कर दिया है। इसके कारण यह ट्रेन आद्रा से टाटानगर के बीच नहीं चलेगी।

बागबेड़ा के पोस्तो नगर में जलमीनार का मोटर जला, 200 घर प्रभावित

बागबेड़ा में टैंकर से पानी लेने के लिए लगी लोगों की कतार • फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : बागबेड़ा कॉलोनी पंचायत अंतर्गत पोस्तो नगर में जलमीनार के मोटर जल जाने के कारण पानी की आपूर्ति ठप हो जाने से लगभग 200 घर प्रभावित हैं। स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी सूचना मिलते ही पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता एवं उप मुखिया संतोष ठाकुर जलमीनार तक पहुंचे। पहुंचते ही सर्वप्रथम तत्काल जुस्को के 12,000 हजार लीटर वाले पानी टैंकर मंगा कर स्थानीय लोगों के बीच में पीने का पानी वितरण कराया। इसी बीच स्थानीय लोगों ने एकजुट होकर मोटर खोलकर बनाने का प्रयास किया, लेकिन मोटर जल जाने के कारण नहीं बन सका।
पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने कहा कि जब तक मोटर ठीक नहीं हो जाता है, तब तक जुस्को के पानी टैंकर से स्थानीय लोगों के बीच में निशुल्क पानी वितरण होता रहेगा।

समाचार सार

आनंदमार्ग ने सात दिन में बांटे 3000 पौधे

JAMSHEDPUR : विश्व पर्यावरण दिवस पर आनंदमार्ग ने 30 मई से 5 जून तक सात दिन में 3000 पौधे निशुल्क बांटे। पौधा वितरण सोनारी एवं गदरा क्षेत्र में किया गया। सुनील आनंद ने बताया कि सोनारी में कबीर मंदिर के पास शहर के विभिन्न संगठनों एवं देहात क्षेत्र के ग्रामीणों को आम, आंवला, कटहल, हर्रे, बहेरा, शीशम, नीम, महानीम, सीता अशोक, अशोक, सिंदूर, अनार, अमरूद, जामुन, करंज, पीपल आदि फलों के पौधे वितरित किए गए।

मुआवजे में नौकरी की मांग, धरने पर बैठे सांसद

ROURKELA : राउरकेला स्टील प्लांट के कर्मचारी बुद्धिया किसान का शव पिछले 6 दिनों से आईजीएच शवशीतगृह में पड़ा हुआ है। 30 मई को घर से ड्यूटी आते समय बुद्धिया सड़क पर गिर गया था, उसे तुरंत आईजीएच लाया गया। लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। चूँकि वह घर का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था, इसलिए उसके परिवार के एक सदस्य को रोजगार देने की मांग की गई थी। आरएसपी अधिकारियों ने मांगें पूरी नहीं की तो परिवार 7 दिनों से आईजीएच के सामने धरना में बैठा है। सुंदरगढ़ के सांसद जोएल ओराम भी इसी मांग पर बुधवार को बुद्धिया किसान के परिवार समूह के साथ धरना पर बैठ गए है। जोएल ओराम ने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं की गईं तो कठोर कदम उठाए जाएंगे।

रघुनाथपल्ली विधायक ने लिया जीत का प्रमाणपत्र

ROURKELA : रघुनाथपल्ली विधानसभा चुनाव में नवनिर्वाचित विधायक दुर्गा चरण तांती ने बुधवार को राउरकेला के एडीएम से मुलाकात की। विधायक ने रघुनाथपल्ली क्षेत्र और आरएसपी क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों और झुग्गी बस्तियों में पीने के पानी, सड़क, स्ट्रीट लाइट, नालियों और परित्यक्त स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों की समस्याएं और उनका त्वरित समाधान पर चर्चा की। राउरकेला एडीएम ने चुनाव जीतने का प्रमाणपत्र विधायक को सौंपा।

बस मालिक संघ के अध्यक्ष बने प्रकाश जेना

ROURKELA : राउरकेला निजी बस मालिक संघ की बैठक बुधवार को हुई। इस दौरान बैठक में बस मालिकों की समस्याओं के समाधान पर जोर दिए जाने के साथ नई कमेटी का गठन किया गया, जिसमें प्रकाश जेना अध्यक्ष व श्रीकांत दास महासचिव चुने गए। इसी तरह आम सहमति से पूरी कमेटी का गठन किया गया। सदस्यों ने मांग की एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को टोल गेट अधिकारियों से बात कर समस्या के समाधान की पहल करनी चाहिए। इसके अलावा बस स्टैंड पर चोरी रोकने के उपाय, सभी यात्रियों के लिए पीने के पानी व बसों के ठहराव की व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। राउरकेला बस ओनर्स एसोसिएशन की ओर से सदस्यों ने एसोसिएशन के शीर्ष नेतृत्व को इन सभी चचाओं के बाद राउरकेला से विभिन्न गंतव्यों तक जाने वाली बसों के समय के संबंध में अन्य एसोसिएशन के सदस्यों के साथ चर्चा कर समस्या के समाधान करने पर जोर दिया।

परशुराम जयंती की तैयारी पर सोनारी में बैठक

JAMSHEDPUR : परशुराम जयंती का भव्य आयोजन 9 जून को बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में होना है। इसके लेकर परशुराम जन्मोत्सव समिति की बैठक बुधवार को सोनारी स्थित बच्चा सिँह बस्ती स्थित शिव मंदिर प्रांगण में हुई। इसमें भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव समारोह की तैयारी को लेकर चर्चा परिचर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सोनारी क्षेत्र के संयोजक पं.दिलीप पांडेय ने क्षेत्र के सभी ब्राह्मणो को एकत्रित कार्यक्रम को सफल बनाने की बात कही। इस बैठक मे बतौर कार्यक्रम के संयोजक व पूर्व डीएसपी पं.कमाल किशोर ने बताया कि वर्तमान समय में ब्राह्मण की एकजुटता आवश्यक हो गई है। बैठक मे अरविंद पांडेय, संजीव आचर्या, संजीव मिश्रा, अप्पू तिवारी, साकेत पांडेय, सुशील कुमार तिवारी, आचार्य उमेश कुमार तिवारी, सुबोध पांडेय, विकास पांडेय, विपिन पांडेय, साकेत पांडेय, नारायण पांडेय, प्रथम पांडेय, आकाश पांडेय, मृत्युजय पांडेय, कन्हैया पांडेय, सन्नी पांडेय, विनोद पांडेय, लक्ष्मी नरयण तिवारी समेत अन्य मौजूद रहे।

पांच साल बाद एडीएल की आमसभा 9 को

JAMSHEDPUR : एडीएल सोसाइटी जमशेदपुर की 5 वर्ष बाद 9 जून को वार्षिक आमसभा होने जा रही है। सोसाइटी परिसर में सोमवार को प्रेस वार्ता में पदाधिकारियों ने बताया कि पहले यह आमसभा 31 मार्च को निर्धारित थी, लेकिन चुनाव आचार संहिता के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। इसमें वर्ष 2017 से वर्ष 2023 तक आडिट रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा नई कमेटी द्वारा किए गए अब तक के विकास कार्यो की जानकारी सदस्यों को दी जाएगी। प्रेस वार्ता में अध्यक्ष वाई ईश्वर राव, महासचिव के. नागेश नायडु, उपाध्यक्ष सीएच रमना राव, एनवीआर मूर्ति, कोषाध्यक्ष पी सिमाद्री, एन राम कृष्णा, पी. रवि प्रकाश, एम प्रकाश कुमार, ई. रवि, ए वेंकट राव ने बताया कि इस आमसभा में शामिल होने के लिए सदस्यों को सोसाइटी के पहचान पत्र के अलावा कोई वैध प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है। आमसभा में अपने साथ किसी भी बच्चे को न लाएं। अध्यक्ष एवं महासचिव ने बताया कि सोसाइटी में लगभग 2400 आजीवन सदस्य हैं।

पेज 1 का शेष... (लोकसभा चुनाव: मीडिया बनाम...)

सीटों को लेकर तरह-तरह के दावे किए गए। कहा गया कि मोदी देश के अगले प्रधानमंत्री नहीं बनने जा रहे। भाजपा की चौतरफा हार हो रही है। परिणाम दावे से बिल्कुल अलग रहे। कई राज्यों में भाजपा ने विरोधियों को उखाड़ फेंका। कई जगह नए किले बना लिए। दो राज्यों में अपने बूते सरकार का गठन कर लिया। आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू का राजनीतिक वनवास खत्म करा दिया। फिर भी कई सोशल मीडिया के बड़े नाम अपनी छाती चौड़ी किए घूम रहे हैं। मानो, उन्होंने राजनीतिक क्रांति ला दी।
चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद एक बार फिर फर्जी नैरेटिव गढ़ने का दौर शुरू हो गया है। वर्तमान में एनडीए गठबंधन के साथ खड़े दिखाई दे रहे नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। आरएसएस की सक्रियता को लेकर भी तरह-तरह के दावे किये जा रहे हैं। मानो आरएसएस के लोग भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को दिये जाने वाले निर्देश की ईमेल सोशल मीडिया समूहों को सीसी कर रही हैं। मजेदार, पक्ष यह है कि एग्जिट पोल के फेल होने से सदमे में आये कई बड़े मीडिया हाउस भी सोशल मीडिया की फर्जी कहानी को ही अपने प्लेटफार्म पर दिखा और बता रहे हैं।

BRIEF NEWS

पर्यावरण के लिए संजीवनी है पौधारोपण : डॉ. अनुज

NAWADA : विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को नवादा जेल , मॉडर्न स्कूल परिसर में सैकड़ो पेड़ लगाकर पृथ्वी की रक्षा का संकल्प लिया गया। नवादा मंडल कारा में अधीक्षक अजीत कुमार, भारतीय स्टेट बैंक के चीफ मैनेजर वर्मा जी के नेतृत्व में वृक्ष ओपन किया गया ।मॉडर्न ग्रुप के निदेशक डॉक्टर अनुज के नेतृत्व में स्कूल परिसर में सैकड़ों पेड़ लगाए गए। डॉ अनुज ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विकास की दौड़ में हमने अपने स्वार्थवश प्रकृति का अविवेकपूर्ण और अंधाधुंध दोहन किया है, इसके कारण आज पूरी पृथ्वी भट्ठी की तरह तप रही है तापमान हर वर्ष नई ऊंचाइयां छू रहा है और आम आदमी को गर्मी की विभिषिका झेलनी पड़ रही है विद्यालय तो बंद रखना पड़ ही रहा है।

राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के लिए भेजे गए आम

BHAGALPUR : बिहार के भागलपुर का जदार्लू आम रसीले और सुपाच्य आमों के श्रेणी में शुमार किया जाता है। यह आम अपने लजीज स्वाद के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है। भागलपुर का जदार्लू आम हर साल प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति समेत अन्य गणमान्यों को भेजा जाता है। इस बार फिर बुधवार को जदार्लू आम प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति समेत अन्य विशिष्ट अतिथियों को भेजा गया है। वर्ष 2007 से लगातार हर साल प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति इसका स्वाद चखते आ हैं। लेकिन इस बार यह खास है। क्योंकि यह पहला मौका है जब किसी प्रधानमंत्री के जीत के बाद संदेश के रूप में जदार्लू आम भेजा गया है। भागलपुर का जदार्लू आम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा सौगात के रूप में भेजा जाता है। आज जहां सरकार बनाने को लेकर नीतीश कुमार पर सभी नजरें टिकाए हुए हैं। इस बीच प्रधानमंत्री को जदार्लू आम का सौगात भेजा जाना भी खास है।

695 अंक लाकर सक्षम ने बढ़ाया जिले का गौरव

NAWADA : नवादा के चर्चित शिक्षाविद उदय शंकर उर्फ पिंकी तथा रिंकी कुमारी के पुत्र सक्षम

शंकर ने नीट में 695 नंबर लाकर जिले का गौरव बढ़ाया है ।उसने बेहतर चिकित्सक बनकर पीड़ित मानवता से की सेवा की भी बात कही है । उनके साथ ही परीक्षा जेड 2024 में ज्ञान भारती के विद्यार्थियो का शानदार प्रदर्शन रहा है। मेडिकल प्रवेश परीक्षा का परिणाम प्रकाशित होने के बाद बुधवार को उनके आवास पर शुभचिंताम में आकर बधाई दी। इस परीक्षा में उनके साथ ही ज्ञान भारती के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया ।मोहम्मद बकार ने 710 अंक लाकर आल इंडिया रैंकिंग में 404 वा रैंक पाया। मोहम्मद अरमान आलम 705, सक्षम शंकर 695, उत्कर्ष कुमार 691, रोहित कुमार 683, आदित्य सुमन 668, सिद्धू कुमार 660, अभिशांत कुमार 641, अखिलेश कुमार 640, प्रियांशी कुमारी 611 अंक लाकर विद्यालय का मान सम्मान बढाया। यह परीक्षा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (ठळअ) द्वारा 5 मई को आयोजित की गई थीं जिसमें लगभग 26 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे।

राजधानी में आए दिन थमने का नाम नहीं ले रहा क्राइम, सरेआम घूम रहे अपराधी

पटना के फुलवारीशरीफ में गोली मारकर युवक की हत्या

AGENCY PATNA : राजधानी पटना के फुलवारी शरीफ में सुबह-सुबह युवक का फेंका हुआ शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई. मृतक की पहचान फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के आलमपुर में रहने वाले मनोज यादव के 24 वर्षीय पुत्र विकास कुमार के रूप में की गयी है. जिसकी हत्या गोली मारकर कर दी गयी है. हत्या की सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया. विकास मंगलवार की शाम से ही लापता था.

घटना के बाद जुटी भीड़।

घर से निकला और हो गया लापता. परिवार वालों का कहना है कि विकास ने अपने दोस्त सूरज को 10 लाख रुपए व्यापार में दिए थे. सूरज ने ही मंगलवार की शाम को विकास को कॉल करके रुपए देने के लिए बुलाया. देर रात जब विकास का मोबाइल स्विच ऑफ हो गया तो परिजन बेचैन होकर उसे खोजने लगे. थाना पुलिस को भी सूचना दी गई. बुधवार की अहले सुबह करीब 3 बजे मिशन के पास आहर में विकास की बाइक देखकर लोगों ने उसके शव को ढूंढना शुरू किया तो शव बाधार में पाया गया. विकास को गोली मार कर हत्या की गई है. वहीं सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई है. हत्या के बाद शव मिलने की बात फैलते ही घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी. परिवार वाले शव के पास ही रोते बिलखते पाए गए. गांव के लोगों ने बताया कि विकास कुमार शाम के बाद घर नहीं लौटा. देर रात उसका मोबाइल ऑफ होने पर परिजन ने फुलवारी थाना को भी सूचना दिया. पुलिस और परिजन विकास की तलाश कर ही रहे थे कि सुबह 3:00 बजे उसकी मोटरसाइकिल फुलवारी शरीफ मिशन रोड के मिशन के पीछे आहर पर फेंका हुआ मिला. इसके बाद परिजन खेत में गए तो कुरकुरी मूसहरी से दक्षिण ढ़िबड़ा के चवर में मिशन से उत्तर गोली मारकर फेंका हुआ विकास का शव मिला.

एक साल पहले ही हुई थी विकास की शादी

मृतक विकास की 1 साल पहले शादी हुई थी. फिलहाल उसकी पत्नी गर्भवती है जिसका रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है. मृतक के पिता मनोज पेंटिंग का काम करते हैं और पेंटिंग कारोबार के ठेकेदारी भी करते हैं. मृतक के माता-पिता समेत पूरे परिवार में रोना पीटना मचा हुआ है. परिवार वाले रोड रोकर यही बात पुलिस को बता रहे हैं कि नैन चक में अपनी मौसी के घर रहने वाला सूरज को विकास ने 10 लाख रुपया दिया था. सूरज बार-बार पैसा देने में आनाकानी कर रहा था.

बहियार में युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

शव देखेन के लिए जुटे लोग।

- प्रेम प्रसंग का मामला, पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

AGENCY JAMUI : घोरमो गांव स्थित बहियार एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। मृतक युवक की पहचान शेखपुरा जिले के चेवाड़ा गांव निवासी कैलाश पासवान के 20 वर्षीय पुत्र छोटू कुमार के रूप में की गई है। चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र के घोरमो गांव स्थित बहियार में बुधवार की सुबह एक युवक का शव बरामद किया गया। शव मिलने की सूचना पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई और उसकी सूचना पुलिस को दी गई। मृतक युवक की पहचान शेखपुरा जिले के चेवाड़ा गांव निवासी कैलाश पासवान के 20 वर्षीय पुत्र छोटू कुमार के रूप में की गई है। जो फिलहाल चकाई प्रखंड के पेटारपहाड़ी स्थित अपने दूसरे घर में रह रहा था। वहीं सूचना पर चंद्रमंडीह थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई। इधर स्थानीय लोगों ने बताया कि जब वह शौच करने के लिए बहियार की ओर जा रहे थे, तभी उन लोगों की नजर बहियार में एक युवक के शव पर पड़ी, जिसके बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई और इसकी सूचना चंद्रमंडीह थाने की पुलिस को दी गई। ग्रामीणों के अनुसार शव देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि युवक का पहले रस्सी के जरिए गला दबाया गया हो और उसके साथ मारपीट की गई है।

आरा में युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग बदमाशों ने मारी 10 गोलियां, दहशत

AGENCY ARARIYA : बिहार के आरा जिले के कोईलवर थाना इलाके में ताबड़तोड़ फायरिंग से सनसनी फैल गई। जब बदमाशों ने एक युवक पर गोलियों की बौछार कर दी। और शरीर में दस गोलियां दाग दी। हत्या की इस घटना से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। मृतक की पहचा मिथलेश पासवान के तौर पर हुई है। जो कोईलवर थाना इलाके के धनडींहा कुबेरचक गांव का निवासी था। हालांकि अभी तक हत्या की वजह का खुलासा नहीं हो सका है।

बताया जा रहा है कि मृतक मिथलेश पर कई आपराधिक मामले दर्ज थे। और उसका पुराना आपराधिक इतिहास रह चुका है। और आरा में बम धमाके की एक घटना में भी उसका नाम आ चुका है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आज सुबह ताबड़तोड़ गोलियों की आवाज से पूरा इलाका सहम गया। बदमाशों ने मिथलेश को दस गोलियां मारी। और फिर फरार हो गए।

खून से लथपथ मिथलेश को अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों से जानकारी ली। और कई साक्ष्य जमा किए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। परिजनों के मुताबिक मिथलेश आनंद नगर मोहल्ले से अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान हथियारबंद अपराधियों द्वारा गोलियों से भूनकर उसकी हत्या कर दी गई। लेकिन हत्या का मकसद क्या था। इसका खुलासा नहीं हो सका है।

अनियंत्रित ट्रैक्टर ने सब्जी विक्रेता को कुचला, मौत

NALANDA : नालंदा में बुधवार को बिहार शरीफ राजगीर मुख्य मार्ग पर रफ्तार का कहर देखने को मिला है। जहां तेज रफ्तार अवैध बालू लोड ट्रैक्टर ने सड़क किनारे ठेले पर सब्जी बेच रहे अधेड़ को कुचल दिया। इस हादसे में सब्जी विक्रेता की मौत हो गई। मामला नालंदा थाना क्षेत्र के दिनकर नगर के समीप की है। मृतक की पहचान नालंदा थाना क्षेत्र के रानी बिगहा निवासी स्वर्गीय जोगेश्वर चौहान के (48) वर्षीय पुत्र दशरथ चौहान के रूप में की गई है। सड़क हादसे की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों के मिली तो वे लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और मुआवजा एवं कार्यवाही की मांग को लेकर बिहार शरीफ राजगीर मुख्य मार्ग को नालंदा थाना के समीप जाम कर दिया।

औरंगाबाद में घर के बाहर सोए हुए टोला सेवक को उतारा मौत के घाट

AGENCY AURANGABAD : औरंगाबाद में अपराधियों ने एक टोला सेवक की हत्या गोली मारकर कर दी। जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैली हुई है। घटना जिले के देव प्रखंड के ढिवरा थाना के पक्का पर गांव की है जहां बीती रात को इस हत्याकांड को अंजाम देकर अपराधी फरार हुए हैं। घर के बाहर सो रहे एक टोला सेवक की हत्या गोली मारकर कर दी गई। मृतक की पहचान श्रवण भुइंया के रूप में की गयी है। बीती रात को अपराधियों ने एक टोला सेवक की हत्या कर दी। बुधवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गयी। मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लिया और घटना के कारणों की जांच कर रही है। मृतक की पहचान श्रवण भुइंया के रूप में हुई है। अपराधियों ने उसके सर में गोली मारी है । बताया जाता है कि टोला सेवक श्रवण भुइंया (उम्र 52 वर्ष) घर के बाहर सोया हुआ था तभी अज्ञात अपराधियों के द्वारा रात्रि में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई।

वारदात के बाद घटनास्थल पर जुटे लोग।

वेतन बढ़ाने को लेकर ऑपरेटर और प्रोजेक्ट मैनेजर में हाथापाई

AGENCY BHAGALPUR : भागलपुर पुलिस लाइन परिसर स्थित कंट्रोल एंड कमांड सेंटर में बुधवार को तीसरे दिन भी ऑपरेटर ने अपना काम नहीं किया। इस दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर आकाश कुमार, गौरव कुमार और राजीव कुमार के साथ बातचीत के दौरान हंगामा हुआ और हाथापाई भी हुई। इसके बाद मौके पर मौजूद सुरक्षा गार्ड ने किसी तरह बीच बचावकर मामला को शांत कराया। इसको लेकर ऑपरेटर ने भागलपुर के प्रमंडलीय आयुक्त एवं अधिकारियों से लिखित शिकायत भी की है। इस हाथापाई का वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है। ऑपरेटर का कहना है कि 6 महीने से यहां पर काम कर रहे हैं। ट्रेनिंग के बाद हम लोग को कहा गया था की प्रति महीना 10686 रुपया मिलेगा, लेकिन 3 महीने पहले से ही टीम रीडर का वेतन बढ़ा दिया गया, पर हम लोगों का नहीं बढ़ाया गया। इस बात को लेकर जब हम लोगों ने कुछ दिन पहले अपने वरीय पदाधिकारी को सूचना दिया था। इस सूचना के बाद भी किसी तरह का वरीय पदाधिकारी के द्वारा पहल नहीं

किया गया, तो हम लोगों ने सोमवार से ही कामकाज ठप कर दिए। कल जब दोबारा बात करने का कोशिश किया तो यहां के अधिकारियों ने कहा कि सभी लोग अपने अभिभावकों को बुलाए फिर बात करेंगे। इसी बीच प्रोजेक्ट मैनेजर ने हम लोगों के साथ हाथापाई करने लगे। प्रोजेक्ट मैनेजर ने कहा कि आप लोगों ने जो टेस्ट दिया था उस आधार पर एक भी लोग यहां पर काम करने के लायक नहीं है, लेकिन हम लोगों का कहना है कि जब काम करने के लायक नहीं थे तो हम लोगों को काम पर क्यों रखा गया। आगे ऑपरेटर ने कहा कि जब तक हम लोग का वेतन नहीं बढ़ाया जाएगा तब तक हम लोग किसी तरह का कोई काम यहां पर नहीं करेंगे।

चुनाव परिणाम देखकर चिराग पासवान गदगद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया बिना शर्त समर्थन

AGENCY PATNA : लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान अपनी पार्टी के प्रदर्शन से गदगद हैं। बिहार में लोकसभा की पांच में से पांच सीट पर उनकी पार्टी ने जीत दर्ज की है। इतना ही नहीं वैशाली सीट को छोड़कर शेष सभी चार सीटों पर उनकी पार्टी के उम्मीदवार एक लाख से अधिक वोटों के अंतर से जीत दर्ज की है। समस्तीपुर से उनकी पार्टी की उम्मीदवार शांभवी चौधरी ने सबसे अधिक मतों के अंतर से जीत की है। 100 प्रतिशत जीत को लेकर उन्होंने साफ तौर पर कह दिया है कि यह जनता का प्यार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आशीर्वाद है। कैबिनेट मंत्री बनने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से किसी तरह की मांग नहीं करने जा रही है। चिराग ने कहा कि हम बिना किसी शर्त के अपना समर्थन पीएम मोदी को दे दिया है। चिराग पासवान की पार्टी लोजपा

(रामविलास) ने अपनी सभी पांच सीटों पर जीत हासिल की है। लोजपा (रामविलास) ने लोकसभा की पांच सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे। हाजीपुर, वैशाली, जमुई ,खगड़िया और समस्तीपुर सीट से चुनाव के मैदान में जितने प्रत्याशी खड़े हुए सभी जीत गये हैं। हाजीपुर से खुद चिराग पासवान चुनाव के मैदान में उतरे और जीत हासिल की। चिराग ने राजद के शिवचंद्र राम को हराया। वहीं समस्तीपुर से बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी की बेटी शांभवी चौधरी ने बिहार सरकार के मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे और कांग्रेस के सन्नी हजारी को हरा दिया है। जमुई से उनके जीजा अरुण भारती भी जीत गये हैं। उन्होंने आरजेडी की कुमारी अर्चना को हराया तो वही वैशाली से वीणा देवी ने राजद के पूर्व विधायक विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला को मात दी। खगड़िया से राजेश वर्मा ने माकपा प्रत्याशी संजय कुमार को हराया। चिराग पासवान की पार्टी के सभी उम्मीदवार ने अपार जीत हासिल किया है। इसे लेकर पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं में खुशी की लहर देखी जा रही है।

नीतीश और तेजस्वी के एक ही फ्लाइट से दिल्ली रवाना होने पर सियासी हलचल तेज

लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद के कयासों का बाजार भी गर्म हो गया है। केन्द्र में भाजपा सरकार बनाने की तैयारी कर रही है और बिहार में नीतीश कुमार के पलटी मारने की चर्चा जोरों पर है। इस बीच बुधवार को नीतीश और तेजस्वी एक ही फ्लाइट से दिल्ली के लिए रवाना हुए। दोनों की विमान में एकसाथ वाली तस्वीर सामने आयी है, जिसे देखकर नीतीश के दोबारा आईएनडीआई गठबंधन में जाने की चर्चा को और हवा मिल रही है। तस्वीर में फ्लाइट में अगली सीट पर नीतीश कुमार बैठे हैं तो उनके ठीक पीछे वाली सीट पर तेजस्वी यादव बैठे नजर आ रहे हैं। हालांकि, भाजपा के लिए थोड़ी राहत जरूर है कि इसी फ्लाइट में नीतीश कुमार के साथ लोजपा (रामविलास) के चीफ चिराग पासवान और उनकी पार्टी के तमाम नवनिर्वाचित सांसद भी मौजूद हैं। चिराग ने पहले ही साफ कर दिया है कि वह और उनकी पार्टी भाजपा के साथ है। इस चुनाव में भाजपा बहुमत के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पायी है। सहयोगियों के बदौलत केंद्र में एक बार फिर एनडीए की वापसी होनी है। इस बीच एनडीए और आईएनडीआई गठबंधन की बैठक दिल्ली में आज ही होनी है, जिसके लिए नीतीश कुमार दिल्ली गये। दोनों ही गठबंधन को नीतीश कुमार की पार्टी जदयू की जरूरत है। ऐसे में हर किसी की नजर नीतीश कुमार पर है।

जागरुकता : सीमा सुरक्षा बल के क्षेत्रीय कार्यालय में मनाया गया पर्यावरण दिवस

पर्यावरण सुरक्षा में भी दक्ष है सीमा सुरक्षा बल

AGENCY KISHANGUNJ : सीमा सुरक्षा बल, जो वर्तमान में दुनिया का सबसे बड़ा बॉर्डर गार्ड बल है, सीमा सुरक्षा के साथ-साथ पर्यावरण सुरक्षा में अग्रणी भूमिका निभाता है। बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय मुख्यालय खगड़ा कैंप मे ईश औल उपमहानिरीक्षक के द्वारा उपस्थित सभी सीमा प्रहारियों को पर्यावरण जागरूकता एवं संरक्षित करने के संबंध में शपथ दिलाई गई। इस मौके पर वृक्षारोपन एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम मे मोना

रैली निकालते सीमा सुरक्षा बल के सदस्य व अन्य।

आल रीजनल प्रेसिडेंट परिवार कल्याण केंद्र एवं अन्य पदाधिकारी, क्षेत्रीय मुख्यालय के अधीन 17, 132 एवं 175वीं वाहिनियों सभी कमान अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, जवानों के साथ कुल 225 सीमा प्रहरी उपस्थित हुए। इस आयोजन के तहत क्षेत्रीय मुख्यालय परिसर, 72वी एवं 152वी वाहिनी मुख्यालय पंजीपारा एवं सभी सीमा चौकियों मे आज के महत्त्वपूर्ण दिवस के उपलक्ष के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया। ईश औल, उपमहानिरीक्षक, क्षेत्रीय मुख्यालय किशनगंज के द्वारा इस वर्ष की थीम भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने पर केंद्रित है, जिसका नारा है हमारी भूमि। इसके संबंध मे जानकारी देने के पश्चात कैंपस परिसर को प्लास्टिक से मुक्त करने का संकल्प लिया गया। साथ ही साथ पेड़ो की महत्ता और पर्यावरण से जुड़े मुद्दे जैसे ब्लैक होल इफेक्ट, ग्रीन हाउस के प्रभाव, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग आदि पर सम्बोधित किया गया एवं सभी सीमा प्रहरी को तथा परिवार कल्याण केंद्र के सदस्यों के हाथों से वृक्षारोपण के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी गई।

अररिया का टॉप टेन इनामी कुख्यात मुस्ताजीर अरेस्ट

ARARIYA : जिले के टॉप टेन कुख्यात अपराधियों में शुमार पांच हजार का ईनामी गजनी उर्फ मुस्ताजीर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अररिया जिला पुलिस को लंबे अर्से से इनकी तलाश थी।जिले के जोकीहाट थाना में केवल इनके खिलाफ 13 और पलासी थाना में संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसपी अमित रंजन ने बताया कि जोकीहाट थाना क्षेत्र के ललिया के रहने वाले गजनी उर्फ मुस्ताजीर पिता बाजबूल के बारे में गुप्त जानकारी मिली कि वह दिल्ली से अपने घर आ रहा है। सूचना के बाद सदर एसडीपीओ रामपुकार सिंह की अगुवाई में गठित टीम जोकीहाट थानाध्यक्ष राजीव कुमार झा, एसआई श्रवण कुमार, डीआईयू प्रभारी अजीत चौधरी की टीम ने गिरफ्तार किया।

जीत के मौके पर चौका मारने के मूड में जेडीयू

विधानसभा चुनाव तुरंत करा सकते हैं नीतीश

AGENCY PATNA : बिहार में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को समय से पहले ही कराया जा सकता है। लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) विधानसभा भंग करने के मूड में हैं। जेडीयू बिहार में एनडीए को लोकसभा चुनाव में मिली जीत के मौके पर चौका मारना चाहती। सूत्रों के मुताबिक सीएम नीतीश इस बारे में बीजेपी के शीर्ष नेताओं से चर्चा करने वाले हैं। अपने दिल्ली दौरे के दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने यह मांग रख सकते

हैं। हालांकि, जल्द चुनाव कराने के लिए जेडीयू को बीजेपी के अलावा एनडीए के अन्य घटक दलों जैसे लोजपा रामविलास और हिन्दुस्तान आवाम मोर्चा (हम) की भी सहमति लेनी होगी। मुख्यमंत्री के एक करीबी नेता ने बताया कि लोकसभा चुनाव में बिहार के वोटरों के बीच जेडीयू और एनडीए के पक्ष में माहौल बना हुआ है।

धरती व हमारा भविष्य

पर्यावरण जीवों और उनके जीवन का आधार और एक अनिवार्य घटक है। उसके बिना जीवन अकल्पनीय है । हमारा जीवन-चक्र पर्यावरण में स्थित है और पर्यावरण द्वारा ही आयोजित होता है। हम उसी में जन्म लेते हैं, जीते हैं और मृत्यु के बाद उसी में विलीन हो जाते हैं। हम वनस्पतियों और अन्य प्राणियों की ही तरह पर्यावरण के अंग होते हैं परंतु अपने अहंकार में हम अपनी इस मौलिक सदस्यता को भूल कर अपने को पर्यावरण से अलग तत्व के रूप में देखते हैं। हम मनुष्य और पर्यावरण की दो अलग झ अलग कोटियाँ या श्रेणियां बना लेते हैं जो भिन्न मान ली जाती हैं। इनके बीच का रिश्ता भी उपभोक्ता (कंज्यूमर) और उपभोग्य वस्तु (कंज्यूमेबल ऑब्जेक्ट) मान बैठे हैं। पर्यावरण हमारे लिए एक संसाधन होता गया है जिनमें कुछ नवीकरणीय भी होते हैं और कुछ समाप्त हो कर उस रूप में वापस नहीं मिलते। अपनी संपदाओं के कारण धरती को वसुंधरा कहते हैं। वह हमारे लिए सुख के स्रोत उपलब्ध कराती है। पर्यावरण में मौजूद विविध पदार्थों, ऊर्जा के श्रोतों (जैसे झ कोयला, पेट्रोल आदि), जल संसाधनों, भिन्न-भिन्न गुणवत्ता के भूमि रूपों (जहां किस्म-किस्म के अन्न, फल, लकड़ी, औषधि और अन्य पदार्थ पैदा होते हैं) को लेकर हम बड़े प्रसन्न होते हैं । पर पर्यावरण की इस सम्पदा को सिर्फ निष्क्रिय निर्जीव वस्तुओं के संसाधन के रूप में मान बैठना भ्रम है। इसलिए ऐसा सोचना ठीक तो है परन्तु यह आधी सच्चाई है। पर्यावरण को सिर्फ संसाधन मान बैठना न सही है न वांछित। पर्यावरण से हमारा पारस्परिक रिश्ता है। वह हमें रचता है और हमसे अपेक्षा है कि हम उसकी रक्षा करें। इस तरह पृथ्वी पर एक जीवन-चक्र चलता सदैव चलता रहता है। इन सबको देखते हुए ही धरती को माता कहा गयाझ माता भूमिः पुत्रोहं पृथिव्याः । पृथ्वी सभी प्राणियों का बिना भेद-भाव के माता की तरह भरण-पोषण करती है। आज इसे भुला कर हम निर्मम भाव से इस पर्यावरण को अपने अविवेकपूर्ण आचरण द्वारा तरह-तरह से आघात पहुंचा कर लगातार उसका हृदय छलनी कर रहे हैं और शरीर नष्ट-भ्रष्ट कर रहे हैं । ऐसा करते हुए अपने ही पैरों पर ही कुल्हाड़ी चला रहे हैं। पेड़ कटते जा रहे हैं, वन जलाए जा रहे हैं, कंक्रीट के जंगल उग रहे हैं, और रासायनिक खाद से धरती की उर्वराशक्ति नष्ट हो रही है । हमारी भौतिकवादी दृष्टि कितनी दूषित हो चुकी है कि हम प्रकट सत्य का भी प्रत्यक्ष नहीं कर पाते हैं और न वह क्षति ही महसूस कर पाते हैं जिसकी भरपाई संभव ही नहीं है । ग्रीन गैस का उत्सर्जन जिस तरह हो रहा है और कार्बन डाई आक्साइड जिस तरह बढ़ रहा है वह सब जीवन के विरुद्ध है। पर्यावरण की ओर से हमें लगातार चेतावनी मिल रही है और हम हैं कि उसे अनसुना करते रहे हैं। ग्लेशियर का पिघलना, अति वर्षा, सूखा, बाढ़ और गर्मी का अत्याधिक बढ़ना ऐसे ही संकेत हैं। आज धरती और पर्यावरण की सीमाओं को बिना पहचाने उसका अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। ऐसा करते हुए हम यह अकसर भूल जाते हैं कि हमारा आहार, हमारी सांसें और हमारे कार्य-कलाप सब कुछ पर्यावरण से ही उधार लिया हुआ है।

जन अभियान बने पर्यावरण संरक्षण

पर्यावरण शब्द संस्कृत भाषा के 'परि' उपसर्ग (चारों ओर) और 'आवरण' से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है ऐसी चीजों का समुच्चय जो किसी व्यक्ति या जीवधारी को चारों ओर से आवृत्त किये हुए हैं। यह शब्द फ्रांसीसी शब्द एनवायरनर से लिया गया है, जिसका अर्थ है घेरना। पर्यावरण को उस परिवेश या परिस्थितियों के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जिसमें पौधे, जानवर और मनुष्य जैसे जीवित जीव रहते हैं। पर्यावरण की एक सरल परिभाषा में कहा जा सकता है कि मानव जीवन को प्रभावित करने वाले सभी जैविक और अजैविक तत्वों को शामिल करने वाली एक प्रणाली है। जैविक या जीवित घटकों में सभी वनस्पति और जीव शामिल हैं, और अजैविक घटकों में पानी, सूरज की रोशनी, हवा, जलवायु आदि शामिल हैं। हमारी धरती, जनजीवन को सुरक्षित रखने के लिए पर्यावरण का सुरक्षित रहना बहुत जरूरी है। पूरी दुनिया आधुनिकता की ओर बढ़ रही हैं। दुनियाभर में हर दिन ऐसी चीजों का इस्तेमाल बढ़ रहा है जिससे पर्यावरण खतरे में हैं। इंसान और पर्यावरण के बीच गहरा संबंध है। प्रकृति के बिना जीवन संभव नहीं। ऐसे में प्रकृति के साथ इंसानों को तालमेल बिठाना होता है। लेकिन लगातार वातावरण दूषित हो रहा है। जिससे कई तरह की समस्याएं बढ़ रही हैं। जो हमारे जनजीवन को तो प्रभावित कर ही रही हैं। साथ ही कई तरह की प्राकृतिक आपदाओं की भी वजह बन रही हैं। सुखी स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण का संरक्षण जरूरी है। इसी उद्देश्य से हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1972 में पहली बार विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था। लेकिन विश्व स्तर पर इसके मनाने की शुरूआत 05 जून 1974 को स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में हुई थी। जहां 119 देशों की मौजूदगी में पर्यावरण सम्मेलन का आयोजन किया गया था। साथ ही प्रति वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। इस सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का गठन भी हुआ था। भारत में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम भारत की संसद द्वारा 1986 में पारित किया गया था। इसे संविधान के अनुच्छेद 253 के तहत पारित किया गया था। यह 19 नवंबर 1986 को लागू हुआ था। देश में तेजी से हो रहे शहरीकरण के कारण बड़ी मात्रा में कृषि भूमि आबादी की भेंट चढ़ती गई।

पर्यावरण के प्रति जागरुकता क्यों नहीं?

ANALYSIS

डॉ. वंदना सेन

सरकार के सानिध्य में संचालित होने वाले गैर सरकारी संगठन भी पर्यावरण संरक्षण के अभियानों को अपनी आय का माध्यम मानकर ही कार्य करते हैं। इन संस्थाओं का कार्य कागजों पर सफलता दशार्ने वाला होता है, लेकिन धरातल पर उसकी परिणति वैसी नहीं होती जैसी दिखाई जाती है। पर्यावरण का अभियान केवल फोटो खिचाने तक ही सीमित होता जा रहा है। आज पर्यावरण के कारण जल के अभाव में वसुंधरा सूख रही है। पेड़ आत्महत्या कर रहे हैं। नदियां समाप्ति की ओर हैं। कुएं, बाबड़ी रीत गए हैं। यह एक ऐसा भयानक संकट है, जिसको हम जानते हुए भी अनदेखा कर रहे हैं। अगर इसी प्रकार से चलता रहा तो आने वाला समय कितना त्रासद होगा, इसकी अभी मात्र कल्पना ही की जा सकती है, लेकिन जब यह समय सामने होगा, तब हमारे हाथ में कुछ भी नहीं होगा। यह सभी जानते हैं कि प्रकृति ही जीवन है, प्रकृति के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। जब हम प्रकृति कहते हैं तो स्वाभाविक रूप मानव यही सोचता है कि पेड़ पौधों की बात हो रही है।

वर्तमान में जिस प्रकार से तापमान बढ़ रहा है, उसका एक कारण यह भी है कि हमारा समाज पर्यावरण के प्रति सचेत नहीं है। इसे सरकारी विफलता के रूप में देखा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। क्योंकि सरकार केवल योजना बनाकर ही यह समझ लेती है कि उनका कर्तव्य पूरा हो गया, जबकि यह योजना नीचे तक जाए, यह जिम्मेदारी भी तो शासन की है, लेकिन शासन अभी तक पर्यावरण के मामले में कोई ठोस पहल नहीं कर सका। सरकार के सानिध्य में संचालित होने वाले गैर सरकारी संगठन भी पर्यावरण संरक्षण के अभियानों को अपनी आय का माध्यम मानकर ही कार्य करते हैं। इन संस्थाओं का कार्य कागजों पर सफलता दशार्ने वाला होता है, लेकिन धरातल पर उसकी परिणति वैसी नहीं होती जैसी दिखाई जाती है। पर्यावरण का अभियान केवल फोटो खिचाने तक ही सीमित होता जा रहा है। आज पर्यावरण के कारण जल के अभाव में वसुंधरा सूख रही है। पेड़ आत्महत्या कर रहे हैं। नदियां समाप्ति की ओर हैं। कुएं, बाबड़ी रीत गए हैं। यह एक ऐसा भयानक संकट है, जिसको हम जानते हुए भी अनदेखा कर रहे हैं। अगर इसी प्रकार से चलता रहा तो आने वाला समय कितना त्रासद होगा, इसकी अभी मात्र कल्पना ही की जा सकती है, लेकिन जब यह समय सामने होगा, तब हमारे हाथ में कुछ भी नहीं होगा। यह सभी जानते हैं कि प्रकृति ही जीवन है, प्रकृति के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। जब हम प्रकृति कहते हैं तो स्वाभाविक रूप मानव यही सोचता है कि पेड़ पौधों की बात हो रही है, लेकिन इसका आशय इतना मात्र नहीं, बहुत व्यापक है। प्रकृति में जितने तत्व हैं, वे सभी तत्व हमारे जीवन का आवश्यक

अंग हैं। चाहे वह श्वांस हो, जल हो, या फिर खाद्य पदार्थ ही हों। सब प्रकृति की ही देन हैं। विचार कीजिए जब यह सब नहीं मिलेगा, तब हमारा जीवन कैसा होगा? देश में अनेक संस्थाओं द्वारा पौधरोपण के कार्य भी किए जाते हैं। विसंगति यह है कि पौधरोपण करने के बाद उन पौधों का क्या होता है। यह सब देखने का समय हमारे पास नहीं है। पौधों के लिए जल ही जीवन है और पौधा भी एक जीवित वनस्पति है। अगर किसी पौधे का जीवन जन्म के समय ही समाप्ति होने की ओर अग्रसर होता है तो स्वाभाविक रूप से यही कहा जा सकता है कि ऐसा करके हम निश्चित ही एक जीवन की हत्या ही कर रहे हैं। भारतीय संस्कृति में हत्या के परिणाम क्या होते हैं, इसे बताने की आवश्यकता नहीं हैं, लेकिन यह सत्य है कि जिस पेड़ की असमय मौत होती है, उसकी आत्मा कराह रही होती है। हम अगर पेड़ या पौधे में जीवन का अध्ययन करें तो हमें स्वाभाविक रूप से यह ज्ञात हो जाता है कि जीवित वनस्पति जब मौत की ओर जाती है, तब उसकी क्या स्थिति होती होगी। अब जरा अपने शरीर का ही विचार कर लीजिए, उसे भोजन नहीं मिलेगा, तब शरीर का क्या हाल होगा। वर्तमान में हम सब पर्यावरण प्रदूषण का शिकार हो रहे हैं। यह सब प्रकृति के साथ किए जा रहे खिलवाड़ का ही परिणाम है। हम सभी केवल इस चिंता में व्यस्त हैं कि पेड़-पौधों के नष्ट करने से प्रदूषण बढ़ रहा है, लेकिन क्या हमने कभी इस बात का चिंतन किया है कि हम प्रकृति संरक्षण के लिए क्या कर रहे हैं। क्या हम प्रकृति से जीवन रूपी सांस को ग्रहण नहीं करते? क्या हम शुद्ध वातावरण नहीं चाहते? तो फिर क्यों दूसरों की कमियां देखने में ही व्यस्त हैं। हम स्वयं पहल क्यों नहीं करते? आज प्रकृति कठोर चेतावनी दे रही है। बिगड़ते पर्यावरण के कारण हमारे समक्ष महामारियों की अधिकता होती जा रही हैं। अगर हम इस चेतावनी को समय रहते नहीं समझे तो आने वाला समय कितना विनाशकारी होगा, कल्पना कर सकते हैं। वर्तमान में स्थिति यह है कि हम पर्यावरण को बचाने के लिए बातों से चिंता व्यक्त करते हैं। सवाल यह है कि इस प्रकार की चिंता करने समाज ने अपने जीवन काल में कितने पौधे लगाए और कितनों का संवर्धन किया। अगर यह नहीं किया तो यह बहुत ही चिंता का विषय इसलिए भी है कि जो व्यक्ति पर्यावरण के प्रभाव और दुष्प्रभावों से भली भांति परिचित है, वही निष्क्रिय है तो फिर सामान्य व्यक्ति के क्या कहने। ऐसे व्यक्ति यह भी अच्छी तरह से जानते हैं कि पर्यावरण और जीवन का अटूट संबंध है। यह संबंध आज टूटते दिखाई दे रहे हैं। प्राण वायु ऑक्सीजन भी दूषित होती जा रही है। वह तो भला हो कि ईश्वर के अंश के रूप में में भारत भूमि पर पैदा हुआ हमारे इस शरीर में ऐसा श्वसन तंत्र विद्यमान है, जो वातावरण से केवल शुद्ध ऑक्सीजन ग्रहण करता है, लेकिन सवाल यह है कि जिस प्रकार से देश में जनसंख्या बढ़ रही है, उसके अनुपात में पेड़-पौधों की संख्या बहुत कम है। इतना ही नहीं लगातार और कम होती जा रही है। जो भविष्य के लिए खतरे की घंटी है। आज के समाज की मानसिकता का सबसे बड़ा दोष यही है कि अपनी जिम्मेदारियों को भूल गया है। अपने संस्कारों को भूल गया है। किसी भी प्रकार की विसंगति को दूर करने के लिए समाज की ओर से पहल नहीं की जाती। वह हर समस्या के लिए शासन और प्रशासन को ही जिम्मेदार ठहराता है। हालांकि शासन भी जिम्मेदार है लेकिन शासन के बनाए नियमों का पालन करने की जिम्मेदारी हमारी है। शासन और प्रशासन में बैठे व्यक्ति भी समाज के हिस्सा ही है। इसलिए समाज के नाते पर्यावरण को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है। पौधों को पेड़ बनाने की दिशा में हम भी सोच सकते हैं। प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए हम कपड़े के थैले का उपयोग कर सकते हैं। अभी ज्यादा संकट नहीं आया है, इसलिए क्यों नहीं हम आज से ही एक अच्छे नागरिक होने का प्रमाण प्रस्तुत करें। क्योंकि दुनिया में कोई भी कार्य असंभव नहीं है। यहां स्मरण करने वाली बात यह भी है कि कोरोना संक्रमण के चलते हमारी जीवन चर्या में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है। जिसमें हर व्यक्ति को अपने जीवन के लिए प्रकृति का महत्व भी समझ में आया, लेकिन सवाल यह है कि क्या इस परिवर्तन के अनुसार हम अपने जीवन को ढाल पाएं हैं? यकीनन नहीं। वर्तमान में हमारा स्वभाव बन चुका है कि हम अच्छी बातों को ग्रहण करने के लिए प्रवृत्त नहीं होते। जीवन की भी अपनी प्रकृति और प्रवृति होती है। इसी कारण कहा जा सकता है कि जो व्यक्ति प्रकृति के अनुसार जीवनयापन नहीं करता, उसका प्रकृति कभी साथ नहीं देती। हमें घटनाओं के माध्यम से जो संदेश मिलता है, उसे जीवन का अहम हिस्सा बनाना होगा, तभी हम कह सकते हैं कि हमारा जीवन प्राकृतिक है।

लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

टोल नाकों पर पांच प्रतिशत टैक्स बढ़ोतरी

केंद्र सरकार को वैसे भी इस वित्त वर्ष में अपने निर्धारित लक्ष्य से अधिक टोल टैक्स मिलना था, फिर भी पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी बहुत आश्चर्य में डालनेवाली है। देश का आम नागरिक जिसने चार पहिए का वाहन खरीद लिया है और कई बार मजबूरी में एक या दो लोगों को लेकर सफर करने के लिए विवश है, उसकी जेब टोल टैक्स के नाम पर खाली करवाना कहां तक उचित कहलाएगा? अब यदि 400 किलोमीटर की यात्रा तय करने के लिए 700 रुपये से भी अधिक देना पड़े, जिसमें कि नई व्यवस्था में 5 प्रतिशत बढ़ाते हुए अतिरिक्त रुपये और देना होंगे, तब जरूर विचार करें कि केंद्र सरकार की इस बढ़ोतरी पर प्रश्न क्यों नहीं खड़े किए जाएं ? वास्तव में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने 04 जून से देशभर में टोल दरों में औसतन 5 फीसदी बढ़ोतरी की घोषणा कर सभी को चौकाया है। जिसमें कि कहा जा रहा है कि संशोधित दरें पहले 01 अप्रैल से प्रभावी होने वाली थीं, किंतु लोकसभा चुनाव के कारण इन्हें टाल दिया गया। अब प्रश्न भी है कि क्यों टाला गया ? क्या इसलिए टाला गया क्योंकि सातवें और अंतिम फेज में उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाइल सीट वाराणसी पर भी वोटिंग होना थी, जहां से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार चुनाव लड़ा है? या फिर इसलिए क्योंकि देश के 8 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 57 सीटों पर एक जून को मतदान होना था, यदि यह टोल टैक्स पहले से घोषित कर देते तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संगठन भाजपा को हो सकता है चुनाव मतदान में बड़ा नुकसान उठाना पड़ता ! क्योंकि चुनाव यहां किसी एक राज्य में नहीं हो रहे थे, बल्कि उत्तर प्रदेश की 13, पंजाब की सभी 13, बिहार की 8, हिमाचल प्रदेश की 4, झारखंड की 3, पश्चिम बंगाल की 9 और ओडिशा की 6 सीटों पर वोट डाले जाने थे। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को लगता होगा कि यदि फिर भी भाजपा सत्ता में आ गई तो उनकी बुरी गत कर देगी। इसलिए अभी रुपये न बढ़ाकर चुनाव बाद इसे लागू करेंगे। अधिकारियों को यह क्यों नहीं लगा कि हर कोई एक बड़ी रकम टोल की चुकाने में सक्षम नहीं होता है। वैसे भी अनेक प्रकार के टैक्स सरकार ने पहले ही लगा रखे हैं। जीएसटी के कारण पूर्व से ही सरकार की झोली लगातार रिकार्ड धनराशि के साथ बढ़ रही है। फिर टोल पर टैक्स बढ़ाने की जरूरत क्या थी? जीएसटी के नाम से एक कर की बात करनेवाली केंद्र की सरकार अभी तक तेल कीमतों पर इसे लागू नहीं कर सकी है? टोल पर राहत नहीं तो पेट्रोल में ही सरकार राहत दे देती! अगर पेट्रोलियम पदार्थों को जीएसटी के दायरे में लाया जाता है, तो फिर पेट्रोल-डीजल के दाम मौजूदा कीमत से काफी कम हो जाएंगे । उदाहरण के तौर पर आप समझ सकते हैं कि यदि दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल भरवाने के लिए 94.72 रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं तो इसमें 35 रुपये के करीब टैक्स है, जिसमें लगभग 20 रुपये केंद्र सरकार को और 15 रुपये राज्य सरकार के पास जाते हैं। यहां केंद्र को एक्साइज ड्यूटी के जरिए कमाई होती है तो वहीं, राज्य सरकारें अपने-अपने हिसाब से वैट लगाकर कमाई करती हैं । इसलिए प्रत्येक राज्य में तेल कीमतें अलग हैं । वर्तमान में पेट्रोल और डीजल पर सरकारें 60 फीसदी से भी ज्यादा टैक्स वसूल रही हैं। ऐसे में अगर पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाया जाता है, तो सरकार अधिकतम 28 फीसदी की दर से ही टैक्स लगा पाएगी, जिसका परिणाम यह होगा कि पेट्रोल-डीजल के दाम एक दम से घट जाएंगे। दिल्ली में एक्साइज ड्यूटी और वैट को मिलाकर जो 1 लीटर पेट्रोल 94.72 रुपये का मिल रहा है जब उस पर सिर्फ 28 फीसदी जीएसटी लगाया जाएगा, तो उसकी कीमत 70 रुपये के करीब आ जाएगी। इसी तरह से डीजल की कीमत भी कम होगी। यदि केंद्र की सरकार को और अधिक रुपयों की टैक्स कलेक्शन की आवश्यकता है तो वह इसके अलावा भूमि, शराब, उत्खनन जैसे अन्य कई क्षेत्र हैं, जहां राज्य अपने मनमुताबिक वसूली करते हैं। उनकी भी डारेक्ट वसूली करना आरंभ कर दे। किंतु वास्तविकता यही है कि केंद्र में कोई भी सरकार रहे, वह ऐसा कभी नहीं कर सकती, अन्यथा लोकतंत्र में जो केंद्र और राज्यों के बीच शक्तियों का बंटवारा और परस्पर का समन्वय है, वह आपस में टकराकर समाप्त हो जाएगा। सच यही है कि दोनों की अपनी-अपनी जरूरतें हैं और राजनेताओं एवं उनकी पार्टी के अपने हित, जिसके चलते वह ऐसा कभी नहीं करेगी । लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि जहां मनमर्जी होगी केंद्र सरकार इस तरह से टैक्स पर बढ़ोतरी करती रहेगी। कहना होगा कि केंद्र की सरकार ने एक झटके में हर दिन करोड़ों की कमाई की जुगत टोल नाकों के माध्यम से कर ली है। जोकि वास्तविकता में कहीं से भी न्याय संगत नहीं लगती । आज यह भी एक बड़ा प्रश्न है, जब देश में 80 करोड़ जनता को अनाज योजना से फ्री में राशन बांटा जा रहा है, या इसी प्रकार की अन्य तमाम योजनाएं फ्री की देश में संचालित हैं, क्या कभी वास्तविकता में सर्वे होता है कि वह जिसे इन योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है, वह इनका लाभ लेने के लिए वास्तविक हकदार है? या फिर जो चार पहिए का वाहन खरीदकर चला रहा हैं, जोकि आपका टैक्सपेयर है, उसी की बार-बार सरकार पूरी तरह से जेब खाली करवाने पर भरोसा करती है? वैसे भी फास्टटैग को अपनाने में वृद्धि, स्वस्थ यातायात वृद्धि और टोलिंग सड़कों में वृद्धि से समर्थित, वित्त वर्ष 24 में 64,800 करोड़ (रू23: 48,000 करोड़) तक राजस्व वृद्धि में सहायता केंद्र की सरकार को मिली है, जो सरकार के ?55,000 करोड़ के लक्ष्य को पार कर चुकी है । इसमें कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025 में राजस्व 70,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। फिर यह निर्णय लेना निश्चित ही समझ के परे है। अच्छा तो यही होगा कि सरकार इस निर्णय को वापस ले ।

Social Media Corner

सच के हक में...

आज विश्व पर्यावरण दिवस पर मुझे एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू कर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। मैं देशवासियों के साथ ही दुनियाभर के लोगों से आग्रह करता हूं कि वे अपनी मां के साथ मिलकर या उनके नाम पर एक पेड़ जरूर लगाएं। ये आपकी तरफ से उन्हें एक अनमोल उपहार होगा।

(नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)

बिहार के उपमुख्यमंत्री श्री @VijayKrSinhaBih जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आप हमेशा स्वस्थ व ऊर्जान्वित रहकर जनसेवा के कार्यों में यूं ही संलग्न रहें, यह कामना है।

(गृह मंत्री अमित शाह का 'एक्स' पर पोस्ट)

झारखंड से विजयी दोनों महिला सांसद, आदरणीय बड़ी बहन श्रीमती जोबा मांझी जी और श्रीमती अन्नपूर्णा देवी जी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। मुझे अत्यंत खुशी है कि आप दोनों लोकसभा में झारखण्ड की आधी आबादी की सशक्त आवाज बन हमारे मुद्दों को देश के पटल पर रखेंगी और उनका स्थायी समाधान ढूंढेंगी। आप दोनों को जोहार।

(पूर्व सीएम हेमंत सोरेन का 'एक्स' पर पोस्ट)

एनडीए की बनेगी सरकार, विपक्ष भी खुश

एग्जिट पोल एक बार फिर धराशायी हो गए पर ईवीएम जीत गई। लोकसभा चुनाव में एनडीए के 300 सीटें पार न करने पर इंडी गठबंधन बहुत खुश है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एनडीए की सीटें बहुत कम होने पर खुश होकर कहा कि लोकतंत्र जीत गया। विपक्ष गठबंधन भी अपने दावे के मुताबिक 295 तक का आंकड़ा नहीं छू पाया। अगर देखा जाए तो विपक्षी गठबंधन भाजपा को अकेले मिली 242 सीटों तक मिलकर नहीं पहुंच पाया। दक्षिण में भी एनडीए सबसे बड़े गठबंधन के रूप में उभरा है। पिछले दो आम चुनाव में पूर्ण बहुत पाने वाली भारतीय जनता पार्टी को उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में करारा झटका लगा है। 370 पार का नारा देने वाली 242 तक ही रह गई। उत्तर प्रदेश में 2014 में 73 और 2019 में 64 सीटें जीतन वाला एनडीए इस बार केवल 36 पर सिमटता दिख रहा है। सपा और कांग्रेस 80 में से 18 सीटें जीत चुके हैं जबकि 26 सीटों पर निर्णायक बढ़त बनाए हुए हैं। मध्य प्रदेश, दिल्ली, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, हिमाचल, असम, जम्मू-कश्मीर में भाजपा ने अपनी जीत को बरकरार रखा। मध्य प्रदेश में भाजपा ने सभी 29 सीटों पर जीत हासिल की है। दिल्ली की सात, उत्तराखंड की पांच और हिमाचल की चार सीटों पर भी भाजपा ने लगातार तीसरी बार जीत हासिल की है। ओडिशा में भाजपा ने पहली बार 21 में से 19 सीटें जीती हैं। आंध्र प्रदेश और ओडिशा के विधानसभा चुनावों में भी एनडीए ने परचम फहराया है। ओडिशा विधानसभा की 147 सीटों में भाजपा 80 सीट जीत रही है। आंध्र प्रदेश में 16 लोकसभा सीटें जीतने के साथ तेलुगु देशम पार्टी विधानसभा में 130 से ज्यादा सीटें जीत रही है। अब इन दो राज्यों में एनडीए की सरकार होगी। बिहार ने भाजपा ने जदयू के साथ मिलकर विपक्ष के सभी दावों को धराशायी कर दिया है। विपक्ष इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की व्यक्तिगत हार बता रहा है। दस वर्ष केंद्र में मजबूती से सरकार चलाने वाले मोदी के नेतृत्व में एनडीए तीसरी बार सरकार बनाने की तैयारी में हैं। देखा जाए तो दस वर्ष की सरकार के बाद तीसरी बार सरकार बनाने का मौका पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के बाद अब मोदी को मिलेगा। भारतीय राजनीति के इतिहास में मोदी की यह बड़ी जीत है, क्योंकि तीन दर्जन से ज्यादा विपक्षी दल मिलकर चुनाव लड़ने के बावजूद एनडीए को सत्ता से बाहर नहीं कर पाए। हां इतना जरूर है कि पिछले चुनाव में 55 सीटें जीतने वाली कांग्रेस इस बार 100 तक पहुंच गई है। भाजपा ने इस बार 112 सीटों पर दूसरों दलों से आए नेताओं को उम्मीदवार बनाया था। इस बार जनता ने दलबदलू नेताओं को नकार दिया है। भाजपा में आए कई दलबदलू नेताओं को जनता ने चुनाव में हरा दिया है। चुनाव से पहले एक दर्जन से ज्यादा कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल हुए थे। इनमें से कुछ नेता ही चुनाव जीत पाए हैं। हरियाणा में भाजपा को पांच सीटों का नुकसान हुआ है। हरियाणा में सरकार में नेतृत्व परिवर्तन के कारण उपजी नाराजगी का भाजपा को भारी नुकसान हुआ है। 2019 में सभी दस सीटें जीतने वाली भाजपा हरियाणा में इस बार पांच सीट ही जीत पाई। इसी तरह राजस्थान में पिछले चुनाव में 25 सीटें जीतने वाली भाजपा इस बार 14 सीट ही जीत पाई है। सबसे ज्यादा नुकसान भाजपा को उत्तर प्रदेश में हुआ है। इसकी एक बड़ी वजह भाजपा कार्यकर्ताओं की नाराजगी मानी जा रही है। एक कहा जा रहा है कि योगी सरकार के प्रशासन-पुलिस की भूमिका के कारण जनता में नाराजगी बढ़ रही थी। भाजपा नेताओं की जनता से दूरी बढ़ने के कारण इस बार लोकसभा सीटें बहुत कम हो गईं। उत्तर प्रदेश में जनता ने मोदी सरकार के कई मंत्रियों को हरा दिया है।

सिर्फ चिंता जताने से नहीं कम होगा पर्यावरण प्रदूषण

पर्यावरण प्रदूषण वर्तमान समय में सबसे बड़ी वैश्विक समस्या है। तीन दशकों से महसूस किया जा रहा है कि वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी समस्या पर्यावरण से ही जुड़ी है। मानवीय क्रियाकलापों के कारण प्रकृति में लगातार बढ़ते दखल के कारण पृथ्वी पर बहुत से प्राकृतिक संसाधनों का विनाश हुआ है। आधुनिक जीवनशैली, पृथ्वी पर पेड़-पौधों की कमी, पर्यावरण प्रदूषण का विकराल रूप, मानव द्वारा प्रकृति का बेदर्दी से दोहन इत्यादि कारणों से मानव और प्रकृति के बीच असंतुलन की भयावह खाई उत्पन्न हो रही है। जलवायु परिवर्तन और प्रदूषित वातावरण के बढ़ते खतरे हम अब लगातार अनुभव कर रहे हैं। इसीलिए पर्यावरण की सुरक्षा तथा संरक्षण के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 05 जून को पूरी दुनिया में 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा तथा संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) द्वारा 16 जून 1972 को स्टॉकहोम में पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने के लिए यह दिवस मनाने की घोषणा की गई थी और पहला विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून 1974 को मनाया गया था। पर्यावरण की रक्षा और प्रकृति के उचित दोहन को लेकर हालांकि यूरोप, अमेरिका तथा अफ्रीकी देशों में 1910 के दशक से ही समझौतों की शुरूआत हो गई थी, किन्तु बीते कुछ दशकों में दुनिया के कई देशों ने इसे लेकर क्योटो प्रोटोकाल, मांट्रियल प्रोटोकाल, रियो सम्मलेन जैसे कई बहुराष्ट्रीय समझौते किए हैं। अधिकांश देशों की सरकारें पर्यावरण को लेकर चिंतित तो दिखती हैं लेकिन पर्यावरण की चिंता के बीच कुछ देश अपने हितों को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण की नीतियों में बदलाव करते रहे हैं।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

Trump's conviction thickens the plot

THE United States appeared even more divided following the conviction of former President and current presidential candidate Donald Trump on 34 counts of falsifying business records. By itself, the case was a minor one, but the Trump team's decision to contest it in the manner it did — by deriding the process, attacking the prosecutors and even the judge — made it toxic.Trump will now appeal, but this will take months, if not years, to be processed. If he loses and the case is overturned later, it will confirm the views of his supporters that the US judicial system is broken. On the other hand, if he wins despite everything, it will reveal just what a bad state that system is in.

Trump has trashed the judicial process and said "we're living in a fascist state." The trial of "a very innocent man", as Trump described himself, is being described as a sham and he is being characterised as a 'political prisoner'. His party has warned that the US is entering a phase where all its opponents could also find themselves facing indictments when the opportunity arises.

The verdict has introduced a volatile and dramatic element into what was indeed a strange race between two candidates who have not been particularly popular among the voters. In old America, a conviction of a candidate would have put paid to his or her chances. But this is Trump's America and things are panning out differently. The verdict has actually strengthened the Republican Party support for him, manifested by the $52.8 million or so his campaign received immediately after the verdict.

The Democrats are celebrating the conviction of the man who is their opponent and currently the frontrunner. President Biden has been careful in commenting on the issue, but he has defended the judicial system and declared it is "reckless… dangerous and irresponsible" for anyone to question the verdict because they don't like it.

This was no sham trial, even if the issues were somewhat trivial. The evidence presented established the crimes committed and also gave us a glimpse of the sleazy world Trump lives in. Whatever his supporters may say, he was judged by a jury of his peers who unanimously and fairly quickly convicted him on all 34 counts. And this is only one of the charges he confronts; there are three more serious ones. But in the minds of the Republicans, the cases are an outcome of "weaponising of the judicial system".

